

दैनिक सुप्रभात रायपुर आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 26 ▸ अंक : 111 रायपुर, शनिवार, 09 मई 2026 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ` 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 पेयजल संकट के निवारण ...

प्रियंका चोपड़ा और ... 8



जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...


## शुभेंदु अधिकारी होंगे पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ

# शाह की मौजूदगी में चुने गए भाजपा विधायक दल के नेता

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को शिकस्त देने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया है। शुक्रवार को आयोजित विधायक दल की बैठक में यह फैसला सहमति से लिया गया। भाजपा के विजयी 207 उम्मीदवारों के साथ बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।



साथ ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहायक पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित थे। नई सरकार का शपथ ग्रहण शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा।

कोलकाता के न्यू टाउन स्थित विश्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में हुई बैठक में मुख्यमंत्री माझी ने भाजपा के विजयी विधायक के साथ बैठक की। वहां सर्वसम्मति से संसदीय दल के नेता के साथ-साथ मुख्यमंत्री के तौर पर शुभेंदु अधिकारी का नाम तय किया गया। शुभेंदु शुक्रवार को ही लोकभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

बंगाल के राजनीतिक गलियारों में पिछले कई दिनों से शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा तेज थी। विधानसभा चुनाव में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने ममता बनर्जी को नंदीग्राम में शिकस्त दी थी। वहीं, इस बार के चुनाव में शुभेंदु ने ममता के गढ़ भवानीपुर में उन्हें चुनौती दी और कामयाबी हासिल की। नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों सीटों पर मिली कामयाबी ने मुख्यमंत्री पद के लिए शुभेंदु की दावेदारी को और मजबूत कर दिया था।

अब सभी की नजरें शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह पर टिकी हैं, जहां नए मंत्रिमंडल की तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सुवेंदु आज 10 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत NDA के कई बड़े नेता शामिल होंगे।



सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं आपके सक्षम नेतृत्व में पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण, भय और अराजकता की राजनीति से मुक्त होकर सुशासन, विकास एवं जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। आपका समृद्ध राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण बंगाल के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगा और राज्य को प्रगति के नए शिखर पर स्थापित करेगा।

## आईएएस अधिकारी संबित मिश्रा होंगे रायपुर निगम के नए आयुक्त

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



राजधानी रायपुर नगर निगम में नए आयुक्त की नियुक्ति कर दी गई है। 2018 बैच के आईएएस अधिकारी संबित मिश्रा अब नगर निगम की कमान संभालेंगे। वे सोमवार 11 मई को पदभार ग्रहण करेंगे। प्रशासनिक तौर पर उनकी पहचान फील्ड में सक्रिय रहने वाले और तकनीक आधारित कामकाज को बढ़ावा देने वाले अधिकारी के रूप में रही है।

## सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को उन्हें एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने इसे भारत की सभ्यता और आस्था की महानता का प्रतीक बताया और उन विभूतियों एवं वीरों को नमन किया जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सोमनाथ की रक्षा की और उसकी शान को पुनर्जीवित किया।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में सोमनाथ पर लिखे अपने लेख को साझा करते हुए कहा कि यह अवसर हमें स्मरण कराता है कि इस पावन स्थल की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए देश की कई पीढ़ियों ने निरंतर संघर्ष किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। समुद्र की लहरें हमें यह सिखाती हैं कि चाहे कितने भी तूफान क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। प्रभास की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है और यहां आने वाले श्रद्धालु उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का अनुभव करते हैं, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी।

## ममता बनर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मुख्यमंत्री' शब्द हटाने को तैयार नहीं

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में सत्ता परिवर्तन की चर्चाओं के बीच तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गई हैं। इस समय वह मुख्यमंत्री पद पर नहीं हैं, लेकिन उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अब भी उनकी पहचान मुख्यमंत्री के रूप में दर्ज है। इसे लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में नई बहस शुरू हो गई है।



विपक्षी दलों का आरोप है कि राज्यपाल के निर्देश और विधानसभा भंग होने के बाद भी ममता बनर्जी का सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री पद का उल्लेख बनाए रखना संवैधानिक मर्यादाओं पर सवाल खड़ा करता है। इसे लेकर विभिन्न राजनीतिक वर्गों में चर्चा तेज हो गई है।

ममता बनर्जी पहले ही चुनाव परिणामों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि यह जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश का परिणाम है और वह चुनाव नहीं हारी हैं। इसी कारण उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से भी इनकार किया था। हालांकि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्यकाल समाप्त होने के बाद गुरुवार को राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग करने का आदेश जारी किया।

## एसईसीएल के नवपदस्थ डीटी अरुण कुमार त्यागी की सड़क हादसे में मौत

**कोरबा (प्रतिदिन राजधानी)**



एसईसीएल गेवरा एरिया के पूर्व महाप्रबंधक एवं हाल ही में निर्देशक तकनीकी (डीटी) पद पर पदोन्नत हुए अरुण कुमार त्यागी का गुरुवार देर रात सड़क हादसे में निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से पूरे कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार अरुण कुमार त्यागी अपनी नई पदस्थापना जॉइन करने के लिए सिंगरौली रवाना हुए थे। बताया जा रहा है कि वे गुरुवार रात करीब 12 बजे अपनी इनोवा कार से गेवरा से निकले थे। इसी दौरान कोरबा-चोटिया मार्ग पर चोटिया के पास उनकी कार की एक पार्सल वाहन से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके शुभचिंतक बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। अरुण कुमार त्यागी के निधन की खबर फैलते ही गेवरा समेत पूरे कोयलांचल क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया।




### छीसगढ़ में प्रशासनिक फेरबदल

## पुष्पा साहू बनीं माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव रोक्तिमा यादव को कोरिया कलेक्टर की कमान

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्यभार में फेरबदल करते हुए नई नियुक्तियां जारी की हैं। इस आदेश के तहत शिक्षा और जिला स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। वर्ष 2012 बैच की आईएएस अधिकारी सुश्री पुष्पा साहू को सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञातव्य है कि 6 मई 2026 को जारी आदेश के तहत सुश्री पुष्पा साहू को कलेक्टर जिला-कोरिया पदस्थ किया गया था, जिसमें जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के पद पर पदस्थ किया गया है।



वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी रोक्तिमा यादव को जिला-कोरिया का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वे आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। 6 मई 2026 को जारी आदेश के तहत श्रीमती रोक्तिमा यादव, द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थ किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधित करते हुए कलेक्टर जिला-कोरिया पदस्थ किया गया है।

वर्ष 2019 बैच की आईएएस अधिकारी श्रीमती रीता यादव को आयुक्त, उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही उन्हें प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उनके पदभार संभालते ही इस पद को वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष माना जाएगा।

## भाजपा लोकतंत्र और किसानों पर हमला कर रही है : राहुल गांधी

**एजेंसी, गुरुग्राम**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार शाम गुरुग्राम में सद्भाव यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर लोकतंत्र, संविधान और किसानों के अधिकारों पर हमला करने का आरोप लगाया।

इससे पूर्व राहुल गांधी खांडसा मंडी से लेकर एसडी स्कूल चौक तक सद्भाव यात्रा में शामिल हुए। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की ओर से यह यात्रा निकाली जा रही है। इसके बाद आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने देश में चुनाव चोरी करने का सिस्टम बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए और नए नाम जोड़े गए। चुनाव आयोग भी भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेताओं को लगता है कि उनका शासन कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन अब देश की जनता सच्चाई समझ चुकी है। देश के लोग समझ रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार देश की संपत्तियों को चुनिंदा उद्योगपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है।राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी का नाम लेकर कहा कि एयरपोर्ट, पावर प्लांट, इंफ्रास्ट्रक्चर और यहां तक कि निकोबार द्वीपों तक को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है।



## झारखंड में छत्तीसगढ़ की 35 युवतियां बंधक, वीडियो वायरल होने से हुआ खुलासा

**कांकेर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से मानव तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ की करीब 35 युवतियों को नौकरी दिलाने के नाम पर झारखंड ले जाकर बंधक बनाए जाने का आरोप है। इनमें दुर्गूकोंदल क्षेत्र की कई लड़कियां भी शामिल बताई जा रही हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब दुर्गूकोंदल की एक युवती ने गांव में मैसेज भेजकर मदद मांगी।



युवती ने बताया कि उन्हें नौकरी का झांसा देकर झारखंड ले जाया गया और वहां जबरन रोका जा रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया में युवतियों के वीडियो वायरल होने लगे, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। परिजन बेटियों की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं।

कांकेर कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, संपर्क स्थापित होते ही विशेष टीम झारखंड भेजी जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता ललित नरेटी ने तुरंत पहल करते हुए झारखंड प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। इस घटना ने एक बार फिर रोजगार के नाम पर हो रही मानव तस्करी जैसे गंभीर मामलों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित रोजगार व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

## डीआरडीओ और वायु सेना ने किया पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली का परीक्षण

- **जमीन पर मौजूद लक्ष्य को बेअसर करने की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ेगी**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा के तट पर सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) हथियार का पहला परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। टीएआरए एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है, जो भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है। टीएआरए अनिर्देशित वारहेड को सटीक निर्देशित हथियारों में बदल देती है।

डीआरडीओ के मुताबिक टीएआरए को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) और डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं ने डिजाइन और विकसित किया है। जमीन पर मौजूद लक्ष्य को बेअसर करने के लिए हथियार की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाने के लिए यह पहला ग्लाइड हथियार है, जिसमें कम लागत वाले सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इस किट को कई भारतीय उद्योगों के साथ मिलकर बनाया गया है, जिन्होंने पहले ही प्रोडक्शन शुरू कर दिया है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, वायु सेना, उद्योगों को पहले उड़ान परीक्षण के लिए बधाई दी है और इसे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण विकास बताया है। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने भी सफल फ्लाइट ट्रायल से जुड़ी टीमों को बधाई दी है।

### राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकायो के आम/उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

## 01 जून को होगा मतदान एव 04 जून को होगी परिणामों की घोषणा

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आज दिनांक 08 मई 2026 को राज्य के नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन की कार्रवाई दिनांक 11 मई 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 04 जून 2026 तक संपन्न होगी।

नगरपालिकाओं के अध्यक्ष के 05 पद तथा वार्ड के पार्षद के 77 पद, कुल 82 पदों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के 10. सरपच के 82 तथा पच के 1136 पद, कुल 1228 रिक्त पद की पूर्ति हेतु नाम निर्देशन पत्र 11 मई 2026 से 18 मई 2026 तक प्राप्त किये जाएंगे, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को होगी तथा 21 मई 2026 तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नगरीय निकायों हेतु मतदान तिथि 01 जून 2026 एवं परिणामों की घोषणा 04 जून 2026 को की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु मतदान एवं मतगणना 01 जून 2026 को की जाएगी, सारणीकरण एवं परिणामों की घोषणा दिनांक 04 जून 2026 को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही ऐसे नगर पालिकाओं के एवं पंचायत क्षेत्रों में जहां निर्वाचन सम्पन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है।



राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया की आयोग द्वारा आम/उप निर्वाचन हेतु विहित कार्यक्रम जारी कर जिला निर्वाचन अधिकारियों को, कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की कार्यवाही करने के निर्देश प्रसारित कर दिये है तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु आयोग द्वारा व्यापक तैयारियां कर ली गई है। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकायों के कुल 44525 मतदाता तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के कुल 1037789 मतदाता निर्वाचन में भाग लेंगें। मतदान के लिए नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु कुल 115 तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत कुल 937 मतदान केन्द्र निर्धारित किये गये है।

नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर ई व्ही एम. (मतदान मशीनों) से तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर मतपेटी के माध्यम से कराए जाएंगे। सभी नगरीय निकायों में मतदान प्रातः 8:00 बजे से सायं 5.00 बजे तक तथा त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदान प्रातः 7:00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक होगा। मतदान के समय मतदाताओं के पहचान को सुगम बनाने के लिए आयोग द्वारा 18 पहचान पत्र निर्धारित किए गए है जिसमें से किसी भी एक पहचान पत्र को मतदाता द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान की अनुमति दी जा सकेगी।

आयोग की सचिव, शिखा राजपूत तिवारी ने बताया निर्वाचन में पारदर्शिता एवं आदर्श आचरण संहिता के पालन तथा नगरीय निकायों में अध्यक्ष पदों के लिए निर्धारित व्यय सीमा पर निगरानी रखने के लिये कुल 5 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये है तथा समस्त निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी हेतु 33 सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति कर ली गई है, जिन्हे अधिनियमों और नियमों तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं आयोग के प्रतिनिधि के रूप में पूर्ण तटस्थता से कार्य करने बल दिया गया। आयोग द्वारा निर्वाचन के संबध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफिसरों, सामान्य एव व्यय प्रेक्षकों एवं मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दे दिया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ–5/ वर्ष 2025–26
ग्राम लखौली प.ह.नं.– 33

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक अगरचंद साहू पिता तुलसीराम साहू ग्राम लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि, ग्राम लखौली प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि पूर्व खसरा नंबर 80/4, नया खसरा नंबर 601/1 रकबा 0.2000 हे. खातेदार रजऊ पिता बैठमाल के नाम पर ऑनलाईन अभिलेख एवं मैनुअल में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि में हुये त्रुटि को सुधार कर अनावेदक के नाम को विलोपित कर बंदोबस्त पूर्व अभिलेख एवं कब्जा अनुसार आवेदक का नाम दर्ज करने का निवेदन किया गया है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनॉक 15/05/2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202604112500051/ अ–6/वर्ष 2025–26
ग्राम लखौली प.ह.नं.– 33

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदिका / हकप्राप्तकर्ता कमलू साहू पिता जीवराखन साहू निवासी ग्राम लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम लखौली प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 494 रकबा 0.0500 हे. खातेदार (हक त्यागकर्ता) शिवकुमार साहू पिता जीवराखन साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार (हकत्यागकर्ता) शिवकुमार साहू पिता जीवराखन साहू के द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 08.04.2026 को आवेदक के नाम पर निष्पादित किया गया है। हकत्यांग पत्र के आधार पर आवेदक के द्वारा उक्त आवेदित भूमि पर नमांतरण किये जाने हेतु प्रकरण भूईया मद से दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनॉक 13/05/2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../अ–6–अ/वर्ष 2025–26
ग्राम भिलाई प.ह.नं.– 35

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक गैंदराम साहनी पिता जीवराखन निवासी ग्राम भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि, ग्राम भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 1690 रकबा 0.2100 हे. भूमि खातेदार गैंदराम पिता जीवराखन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उक्त आवेदित भूमि में खातेदार गैंदरारम पिता जीवनराखन का नाम ऑलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज होना तथा शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड में गैंदराम साहनी पिता जीवराखन साहनी दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड के आधार पर गैंदराम साहनी पिता जीवराखन साहनी का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनॉक 11/05/2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 27/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../अ–6–अ/वर्ष 2025–26
ग्राम गोइंदा प.ह.नं.– 36

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक नेमीचंद साहू पिता श्री नवली साहू निवासी ग्राम गोइंदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू.रा. सं. की धारा 115–116 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि, ग्राम गोइंदा प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 1679/2 रकबा 0.02 हे. भूमि खातेदार डेरहा पिता नवली वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उक्त आवेदित भूमि में सहखातेदार डेरहा पिता नवली का नाम ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज है तथा शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड में नेमीचंद पिता नवली साहू दर्ज है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में उर्फ जोड़ते हुये डेरहा उर्फ नेमीचंद साहू दर्ज किये जाने तथा शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनॉक 11/05/2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../अ–27/वर्ष 2025–26
ग्राम छटेरा प.ह.नं.– 37

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक बंसत कुमार चंद्राकर पिता मोहनलाल निवासी ग्राम छटेरा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि, ग्राम छटेरा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 215, 259, 447, 544, 546, 700, 881, 904 का रकबा क्रमशः 1.8100, 0.400, 0.6300, 0.0400, 0.1500, 0.7500, 0.600, 0.1700 हे. कुल खसरा 08 कुल रकबा 4.5500 हे. भूमि आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त संयुक्त शामिलात खाते की भूमि को आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य अपने–अपने हिस्से की भूमि को पृथक–पृथक कर समानानुपात में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनॉक 14.05.2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 30.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../अ–6/वर्ष 2025–26
ग्राम गिधवा प.ह.नं.– 35

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक लोचन यादव पिता स्व. श्यामू यादव निवासी ग्राम लिंगाडीह तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि, ग्राम गिधवा प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 500 रकबा 0.23 हे. भूमि खातेदार श्यामूलाल पिता लट्टी यादव के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार श्यामूलाल पिता लद्दू का निधन दिनाँक 10.07.2025 को हो चुका है। उक्त भूमि से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन सह–पत्र सहित इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनॉक 13.05.2026 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 29.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

## 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल शिविर शुरू 10 खेलों में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** जिले के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने और उन्हें खेलों के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार से 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह शिविर 08 मई से 28 मई तक संचालित होगा, जिसमें खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के लिए पूर्व में डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मोर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की गई थी। बैठक में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रशिक्षण व्यवस्था, खेल विधाओं और पंजीयन प्रक्रिया पर चर्चा कर दिशा–निर्देश दिए गए।

शिविर में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो–खो, फुटबॉल, ताइक्वांडो, वुशू, कराटे, बैडमिंटन, एथलेटिक्स और स्विमिंग सहित 10 खेल विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 08 मई तक खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय सूरजपुर या संबंधित खेल प्रशिक्षकों के पास पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। विभिन्न खेल विधाओं के लिए अलग–अलग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। प्रतिभागी संबंधित कोच या खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय के संपर्क नंबर 8319330487 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, विधायक ने दिया आशीर्वाद

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**



सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत लमगांव स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। भक्तिमय वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 45 जोड़ों ने पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर अपने नए वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इस गरिमामय समारोह में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

उन्होंने नवदंपत्तियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखद भविष्य का आशीर्वाद दिया और कहा कि बेटियां समाज की गरिमा हैं। विधायक मिंज ने राज्य शासन की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि सरकार बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, ताकि आर्थिक अभाव किसी के विवाह में बाधा न बने।

उत्सव के इस माहौल में ढोल–नगाड़ों की थाप और लोकगीतों ने समां बांध दिया, जिससे वर–वधू पक्ष के परिजनों में भारी उत्साह देखा गया। शासन की योजना के अनुरूप प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, साथ ही उन्हें विवाह प्रमाण पत्र और गृहस्थी के लिए आवश्यक उपहार सामग्री भी भेंट की गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद अध्यक्ष कंचन जायसवाल और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जोड़ों को मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों में जिला कार्यक्रम अधिकारी जे.आर. प्रधान और परियोजना अधिकारी रजनी कुजुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई, 219 मामलों में 20 लाख से अधिक जुर्माना



**सूरजपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था मजबूत करने के लिए सूरजपुर पुलिस लगातार सघन वाहन जांच अभियान चला रही है। डीआईजी एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक शराब पीकर वाहन चलाने के 219 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में वाहनों की जब्ती कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जहां से आरोपियों पर कुल 20 लाख 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा बिना हेलमेट वाहन चलाने के 2250 और बिना सीट बेल्ट के 2250 प्रकरणों सहित कुल 25 हजार 369 मामलों में कार्रवाई करते हुए 86 लाख 65 हजार 200 रुपये का समन शुल्क वसूला गया है। इसी क्रम में 6 और 7 मई को यातायात पुलिस ने कर्मा चौक और अग्रसेन चौक में वाहन जांच के दौरान इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 1810 और पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाय 6344 के चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा। दोनों वाहनों को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

# संविदा कर्मचारियों ने सरकार को याद दिलाई 'मोदी की गारंटी'

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**




छत्तीसगढ़ में नियमितीकरण की मांग को लेकर संविदा कर्मचारियों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 'छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ' की सूरजपुर इकाई ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान किए गए वादों, विशेषकर भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने की पुरजोर मांग की है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के हजारों परिवारों ने सेवा सुरक्षा और नियमितीकरण के भरोसे पर ही वर्तमान सरकार को अपना समर्थन दिया था, लेकिन सत्ता में आने के दो साल बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है जिससे कर्मचारियों में भारी निराशा है।

कर्मचारियों ने अपने विरोध में उन पुराने आश्वासनों को भी आधार बनाया है, जब वर्तमान सरकार के दिग्गज नेता डॉ. रमन सिंह, अरुण साव, ओ.पी. चौधरी, विजय शर्मा और केदार कश्यप विपक्ष में रहते हुए उनके मंच पर आए थे। उस समय इन नेताओं ने संविदा कर्मियों की मांगों को पूर्णतः न्यायोचित करार दिया था और सरकार बनते ही प्राथमिकता के आधार पर समाधान का वादा किया था। हालांकि, हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। मार्च 2024 में सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की सुस्त रफ्तार पर सवाल उठाते हुए महासंघ ने कहा कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी समिति की कोई ठोस रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है, जो कर्मचारियों के साथ विश्वासघात जैसा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में धमतरी जिले ने रचा इतिहास

***राज्य स्तरीय रैंकिंग में हासिल किया प्रथम स्थान, विभिन्न मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन***

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध आवास निर्माण तथा विभिन्न मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए धमतरी जिले ने छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नई उपलब्धि हासिल की है। राज्य कार्यालय द्वारा जारी वर्तमान रैंकिंग में धमतरी जिला प्रदेश के सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर काबिज हुआ है।

जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को मिशन मोड में संचालित किया गया। जिले में सबके लिए पक्का घर के संकल्प को केंद्र में रखकर प्रशासन द्वारा लगातार मैदानी निरीक्षण, हितग्राहियों से संवाद, तकनीकी सहायता तथा निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा की गई जिसके सकारात्मक परिणाम अब राज्य स्तरीय रैंकिंग में देखने को मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले को वर्ष 2026 के लिए व्यापक लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक विकासखंड में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए आवास निर्माण को गति दी गई। विकासखंड धमतरी, कुरुद, मगरलोड तथा नगरी क्षेत्र में हजारों पात्र परिवारों को योजना से लाभान्वित किया गया। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर राशि, तकनीकी मार्गदर्शन तथा निर्माण सामग्री उपलब्ध हो सके जिससे आवास निर्माण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिले में आवास निर्माण के साथ–साथ गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जनपद पंचायत स्तर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा गांव–गांव जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। कई स्थानों पर अधिकारियों ने हितग्राहियों के घर पहुंचकर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। यही कारण है कि धमतरी जिले ने न केवल लक्ष्य पूर्ति में बल्कि गुणवत्ता, समयबद्धता एवं जियो टैगिंग, स्वीकृति, राशि जारी करना, मनरेगा मस्टररोल जैसे अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटर में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सुरजपुर से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने आज सूरजपुर जिले में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

प्रदेशभर में आज आयोजित सामूहिक विवाह समारोहों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विविधता की अनूठी झलक देखने को मिली। राज्य स्तर पर प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 1385 जोड़े 8 मई को विवाह बंधन में बंधे।

सूरजपुर जिले में आयोजित भव्य समारोह में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पूरे विधि–विधान और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न इस आयोजन में मंत्रोच्चार, फेरे, सिंदूरदान और वरमाला की रस्में पूरी की गईं। शहनाइयों की गूंज, बैंड–बाजों की मधुर धुन और पुष्प वर्षा के बीच नवदंपत्तियों ने जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान और सहारा दोनों है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा इस वर्ष दो चरणों में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंच सके।

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –03,**
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. – 0771–2991574
Email ID:eocghbzone03@gmail.com

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी पुरैना, जिला– रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत ई.डब्ल्यु.एस. फ्लैट क्रमांक 04, ब्लाक–24 भूतल, श्री अमित कुमार साहू पिता श्री कांशी राम साहू के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 220 दिनांक 14.07.2015 को नामांतरण किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का दिनांक 06.05.2024 को हस्तांतरण विलेख (फ्रीहोल्ड) करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को आबंटी श्री अमित कुमार साहू पिता श्री कांशी राम साहू, पता – वार्ड क्रमांक–10, कल्याणी नगर ग्राम कुन्दरू टण्डवा तह. तिल्दा जिला–रायपुर (छ.ग.), द्वारा श्रीमति धनेश्वरी खूंटे पति श्री कुलदीप सिंह खूंटे, पता म.न.–87, वार्ड–20, सतनामी पारा ग्राम– भाठागांव पोस्ट– कोसीर तह. सारंगढ जिला सारांगढ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 07.04.2026 को विक्रय कर दिया गया है, क्रेता श्रीमति धनेश्वरी खूंटे पति श्री कुलदीप सिंह खूंटे, पता म.न.–87, वार्ड–20, सतनामी पारा ग्राम भाठागांव पोस्ट– कोसीर तह.–सारांगढ जिला– सारांगढ बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री–होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त फ्लैट का फ्री–होल्ड पश्चात् नाम दर्ज किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समायवधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र–03, सेजबहार(छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –03,**
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. – 0771–2991574
Email ID:eocghbzone03@gmail.com

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी खिलोरा जिला–रायपुर, में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. भवन क्र.–314, (1) श्रीमती आशा तिवारी पति स्व. श्री बालक राम तिवारी (2) श्री रविन्द्र भोसले पिता श्री ईश्वर राव भोसले, दोनो निवासीः डी–196, आर.एम. एम. कॉलोनी टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.) मूल आबंटी श्रीमती आशा तिवारी पति स्व. श्री बालक राम तिवारी की मृत्यु दिनांक 04.10.2024 को हो जाने के कारण उनके सहआंबटी श्री रविन्द्र भोसले पिता श्री ईश्वर राव भोसले व वारिसान पुत्री श्रीमती आरती भोसले पति श्री रविन्द्र भोसले, पता– डी–196, आर.एम. एम. कॉलोनी टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को सहआंबटी श्री रविन्द्र भोसले पिता श्री ईश्वर राव भोसले के साथ श्रीमती आरती भोसले पति श्री रविन्द्र भोसले के नाम से नामांतरण हेतु निवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्री रविन्द्र भोसले पिता श्री ईश्वर राव भोसले के साथ श्रीमती आरती भोसले पति श्री रविन्द्र भोसले, के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन भूखण्ड के मृत्यु उपरांत नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र–03, सेजबहार(छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मण्डल,**
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –01, सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई–मेल–eocghbzone1@gmail.com

**आम–सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस भूखण्ड/भवन योजना के अतंर्गत, भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक 119 सेक्टर 04 मे (1) श्री दीपक कुमार साहू पिता/पति श्री उधो प्रसाद साहू (2) श्री केशव प्रसाद साहू पिता/पति श्री श्री उधो प्रसाद साहू के संयुक्त नाम पर भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटियों द्वारा दिनांक 22.08.2013 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

कर उक्त भवन आबंटियों द्वारा उक्त भवन से हकत्याग करने हेतु दिनांक 07.04.2026 को निष्पादित हकत्याग इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत श्री दीपक कुमार साहू पिता/पति श्री उधो प्रसाद साहू के नाम से हकत्याग करने के लिए हकत्याग अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के हकत्याग के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–01
कबीर नगर, रायपुर

# सांसद चिंतामणि ने श्रमिकों को परोसा भोजन

**बलरामपुर, प्रतिदिन राजधानी**




निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से आज शुक्रवार को बलरामपुर मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम परिसर में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष बबली देवी, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य कृष्णा गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित, श्रम अधिकारी भूपेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सीईओ दीपराज कांत सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सम्मेलन में श्रमिकों के सम्मान का विशेष दृश्य देखने को मिला, जहां सांसद चिंतामणि महराज और अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वयं अपने हाथों से श्रमिकों को भोजन परोसा। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों से आत्मीय संवाद भी किया। श्रमिकों ने जनप्रतिनिधियों के इस व्यवहार की सराहना करते हुए इसे सम्मान और अपनत्व का प्रतीक बताया।

सांसद चिंतामणि महराज ने कहा कि श्रमिकों के बिना विकास की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है और सुशासन व पारदर्शिता के साथ उनका लाभ श्रमिकों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने श्रमिकों से श्रम विभाग में पंजीयन कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण से ही विकास कार्यों को गति मिलती है। वहीं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित ने श्रमिक परिवारों से बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और बेटा–बेटी को समान अवसर देने की अपील की। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल सुरक्षा योजना, नौनिहाल शिक्षा छात्रवृत्ति योजना, श्रमिक सियान सहायता योजना, दिव्यांग सहायता योजना और प्रसूति सहायता योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत 10 हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक भी वितरित किए गए। इनमें मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना और निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के हितग्राही शामिल रहे। सम्मेलन स्थल पर विभागीय स्टॉल भी लगाए गए, जहां श्रमिकों को श्रम पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं तथा अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

## एसईसीएल और सिपेट का निःशुल्क प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मेसर्स साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) बिलासपुर द्वारा प्रायोजित और केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर के माध्यम से निःशुल्क आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस योजना के तहत 1000 जरूरतमंद युवाओं को चार माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को आवास, भोजन और तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है।

यह प्रशिक्षण बलरामपुर–रामानुजगंज, सूरजपुर, सरगुजा, कोरिया, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, जशपुर, कोरबा और रायगढ़ जिले के स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत मशीन ऑपरेटर–प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक्स एक्सट्रूजन, टूलरूम, सीएनसी लेथ और सीएनसी मिलिंग जैसे तकनीकी पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन और काउंसलिंग संबंधी जानकारी के लिए सिपेट नोडल अधिकारी नीरज कुमार सार्बो (मो. 9993788497) और गेंदा लाल दीवान (मो. 9589566641) से संपर्क कर सकते हैं।

प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, शनिवार,9 मई 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

## कमिश्नर ने मछुआरा संघ को लाईफ जैकेट के साथ ही नदी में नौका विहार करवाने की समझाईश दी



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर ने महादेवघाट में मछुआरा संघ के लोगो को जबलपुर हादसे को ध्यान में रखकर सुरक्षा पर ध्यान देकर लोगो को लाईफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण के साथ ही नदी में नौका विहार करवाने की समझाईश दी रायपुर नगर पालिक निगम की जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपडा, सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद्र देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 अंतर्गत रायपुरा महादेवघाट खारून नदी तट पहुंचकर मछुआरा संघ के लोगो के साथ बैठक कर उन्हे जबलपुर की घटना को ध्यान में रखकर सुरक्षा का ध्यान रखकर लोगों को लाईफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण के साथ ही खारून नदी में नौका विहार करवाने की समझाईश दी, ताकि किसी भी हालत मे किसी भी प्रकार की जनहानि ना होने पायेन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपडा, सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद्र देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 अंतर्गत रायपुरा महादेवघाट खारून नदी जबलपुर की घटना को ध्यान में लोगों को लाईफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण के साथ ही खारून नदी में नौका विहार करवाने की समझाईश दी।

# पेयजल संकट के निवारण के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए निर्देश

## उप मुख्यमंत्री साव ने पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए थे निर्देश

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण के निर्देश दिए हैं। विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी निकायों को हैंडपंपों, बोरवेल एवं अन्य जलप्रदाय प्रणालियों की एक सप्ताह में चेकिंग कर आवश्यक मरम्मत करने को कहा है। साथ ही पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारने तथा नालियों से होकर गुजरने वाले पाइपलाइनों व हाऊस-सर्विस कनेक्शन को स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए हैं।



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने हाल ही में निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान गर्मियों में निरंतर एवं समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में संचालनालय ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने ऐसे वार्डों एवं बस्तियों जहां ग्रीष्म काल में जलस्तर नीचे चला जाता है, उन्हें चिन्हित कर उचित माध्यम से जलप्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को जारी परिपत्र में कहा है कि ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के निवारण के लिए नगर निगमों में आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होगें। पेयजल संकट के समाधान के लिए वे प्रतिदिन स्वयं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेगें। जल प्रदाय योजनाओं के संधारण एवं मरम्मत हेतु प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करेंगे। विभाग ने सभी निकायों को संचालनालय से जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए ग्रीष्म काल में लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने निकायों को हैण्डपंपों के जल को कीटाणुरहित करने ब्लीचिंग पावडर का घोल एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड आवश्यक मात्रा में डालना सुनिश्चित करने को कहा है। जलप्रदाय में क्लोरीन की मात्रा का नियमित परीक्षण करने तथा आवश्यकतानुसार ओव्हरहेड टैंक में रि-क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। निकायों में स्थापित जल शोधन संयंत्रों, उच्च स्तरीय जलागारों एवं संपवेल के सिल्ट की सफाई एवं डिस-इन्फेक्शन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने बस स्टैण्डों, बाजारों एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ घर खोलने और वहां पानी की व्यवस्था के को कहा है। इसके लिए सामाजिक सकते हैं। नगरीय प्रशासन विभाग से स्वीकृत जल प्रदाय योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने को कहा है। ऐसी जल आवर्धन योजनाएं और अमृत मिशन के कार्य जो पूर्णता की स्थिति में हैं।

## उप मुख्यमंत्री शर्मा ने विद्युत उपकेंद्र का किया भूमिपूजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

कवर्धा के विकास की यात्रा में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (ष्टस्क्क्षष्टरु) द्वारा कबीरधाम जिले में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया गया। छत्तीसगढ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद संतोष पाण्डे ने शहर के नवीन बस स्टैंड के समीप 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। 2.06 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाला यह उपकेंद्र कवर्धा की विद्युत व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, बिजली सिर्फ तारों में बहने वाला करंट नहीं, बल्कि विकास की जीवन रेखा है। जब घर-घर निर्बाध बिजली पहुँचती है, तो केवल अंधेरा दूर नहीं होता, बल्कि समृद्धि के द्वार खुलते हैं। हमारी तक पहुँचे। उन्होंने इस परियोजना के बहुआयामी लाभ गिनाते हुए कहा कि इससे हमारे किसानों को सिंचाई के लिए लो-वोल्टेज से मुक्ति मिलेगी, स्थानीय व्यापारियों को नए अवसर मिलेंगे और विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।



## जनसमस्या निवारण शिविर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के जोन 3 अंतर्गत सिंधु भवन बीटीआई मैदान के सामने शंकरनगर में लगाया जायेगा

### जनसमस्या निवारण शिविर में रायपुर नगर पालिक निगम सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित सर्व विभाग भी उपस्थित रहेंगे

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के विभिन्न 10 स्थानों पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जायेंगे। इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन की प्रशासनिक तैयारियां निरंतर तेज गति से प्रगति पर हैँ। आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में शिविर स्थलो में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे एवं शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रो का अधिकतम माह में निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा, प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन के निराकरण की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान की जायेगी नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन 3 वार्ड कमांक 12, 29, 30, 31, 33, 47 एवं 48 हेतु 11 मई 2026 को सिंधु भवन बीटीआई मैदान के सामने शंकरनगर में, रायपुर दक्षिण एवं रायपुर उत्तर विधानसभा अंतर्गत नगर निगम जोन 4 वार्ड कमांक 34, 43, 44, 45, 46, 57 एवं 64 हेतु 14 मई को 2026 को इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में, रायपुर दक्षिण एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 5 क्षेत्र में वार्ड कमांक 39, 40, 41, 42, 66, 67 एवं 68 में 18 मई को महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर में, रायपुर पश्चिम एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन 1 के वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 15, 16, 17, 18 हेतु 19 मई को विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 6 के वार्ड क्रमांक 58, 59, 60, 61, 62, 63 एवं 65 हेतु 20 मई 2026 एवं रायपुर पश्चिम विधानसमा क्षेत्र में नगर निगम जोन हेतु 22 मई को शहीद स्मारक भवन जीई रोड में, रायपुर पश्चिम एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 8 के वार्ड कमांक 1, 2, 19, 20, 21. उपाध्याय आडिटोरियम में, रायपुर ग्रामीण, रायपुर 9 के वार्ड क्रमांक 7, 8, 9, 10, 11, 32 एवं 51 हेतु 29 जनसमस्या निवारण शिविर का सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जोनवार आयोजन रखा गया है।

## जनसमस्या निवारण शिविरों की नोडल अधिकारी जोन कमिश्नर पुख्ता तैयारी करें और आमजनों को अवगत करवाएं

### अधिक से अधिक नागरिक सुशासन तिहार का लाभ उठा सकें

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को रायपुर जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छाँव अंतर्गत इंडोर स्टेडियम रायपुर में 9 मई 2026 शनिवार को सुबह 9ः30 बजे आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का लाभ अपने परिवारजनों सहित पहुंचकर उठाने का अनुरोध सभी विभागाध्यक्षगणों और जोन कमिश्नरों से और उनके समस्त अधीनस्थ नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों से नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय और श्रीमती कृष्णा खटीक द्वारा किया गया है.




नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय और श्रीमती कृष्णा खटीक ने रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोनों में जोनवार सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर के नोडल 9 मई शनिवार को सुबह 9ः30 बजे जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छाँव अंतर्गत इंडोर स्टेडियम में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में अपने परिवारजनों सहित पहुंचकर नगर निगम के समस्त अधिकारी और कर्मचारीगण इसका लाभ उठायें- अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय और श्रीमती कृष्णा खटीक ने दिए निर्देश-अधिकारी जोन कमिश्नरों को सुशासन तिहार में जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन की पुख्ता प्रशासनिक तैयारी करवाने और इसकी अधिक से अधिक नागरिकों को जानकारी देने के निर्देश दिए हैँ, ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्राप्त हो सके. सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन की सूचना स्थानीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से देने के निर्देश सभी नोडल अधिकारी जोन कमिश्नर को अपर आयुक्त ने दिए हैँ.

## नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को भावभीनी विदाई, बीजापुर कलेक्टर के रूप में मिली नई जिम्मेदारी

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को उनके नवीन दायित्व के लिए भावभीनी विदाई दी गई। विश्वदीप को बीजापुर जिले में कलेक्टर के रूप में नई जिम्मेदारी मिली है।



इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी को सदैव जनता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजापुर जैसे जिले, जिसे अब भारत सरकार द्वारा नक्सलमुक्त घोषित किया गया है, वहां विकास और नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। आशा है की आप ऐसा कार्य करेंगे जिससे बीजापुर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

डॉ सिंह ने कहा कि एक कलेक्टर को परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करना आना चाहिए। प्रशासनिक दायित्वों में कभी सौम्य व्यवहार की आवश्यकता होती है तो कभी कठोर निर्णय लेने की क्षमता भी जरूरी होती है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग 28 माह 3 दिन तक साथ कार्य किया, जिसमें अनेक बड़े आयोजन और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि विश्वदीप की कार्यशैली सदैव जनहित और तत्परता से परिपूर्ण रही है।

उन्होंने विशेष रूप से गुढियारी आगजनी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में विश्वदीप ने अपनी जान की परवाह किए बिना अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर ऑयल से भरे टैंकर के ढक्कन हटाने का साहसिक कार्य किया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि आपके प्रशिक्षण का यह अंतिम दिन है और कल से आप कलेक्टर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगे।

कलेक्टर डॉ सिंह ने विश्वास जताया कि विश्वदीप को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहां कार्य करने की व्यापक संभावनाएं हैं और वे अपने अनुभव व क्षमता से इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

निगम आयुक्त विश्वदीप ने अपने उद्बोधन में कहा कि रायपुर में कार्य करने का अनुभव अद्भुत रहा। जिले में मुझे विभिन्न दायित्वों में कार्य करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। रायपुर जिला पंचायत सीईओ तथा निगम आयुक्त के रूप में काम करने से सीखने का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। लोकसभा, विधानसभा उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव साथ ही एसआईआर के चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरी टीम के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इसका पूरा श्रेय कलेक्टर डॉ सिंह और जिला एवं निगम टीम को जाता है। मैने यहां सीखा कि बड़े आयोजनों के समय किस प्रकार बिना दबाव में आए सफलतापूर्वक कार्य किया जाए।

विश्वदीप ने कहा की कलेक्टर डॉ सिंह और पूरे जिले के टीम के साथ बहुत से प्रोजेक्ट में कार्य किया है। निश्चित रूप से यह अनुभव बीजापुर में काम आएगा। मैं कलेक्टर डॉ सिंह तथा जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने छत्तीसगढ एकेडमी के बच्चो को स्वच्छता फीडबैक करवाकर उन्हें सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलवायी गयी



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर ने महादेवघाट में छत्तीसगढ एकेडमी के बच्चो को स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर जागरूक बनाया एवं उनसे स्वच्छता फीडबैक करवाकर उन्हें सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलवायी गयी

नगर पालिक निगम रायपुर की जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने कार्यपालन अभियता अतुल चोपडा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत महादेवघाट खारून नदी के किनारे छत्तीसगढ़ एकेडमी के बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 के संबंध में जानकारी लेकर जागरूक बनाया एवं राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने बच्चो से सक्रिय सहभागिता जनजागरण करके दर्ज करवाने की विनम्न अपील की। जोन 8 जोन कमिश्नर ने बच्चों से स्वच्छता एप पर नगर हित में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत स्वच्छता फीडबैक करवाया।

## बारिश में कहीं भी जल भराव हुआ, तो सम्बंधित जोन कमिश्नर और जोन स्वास्थ्य अधिकारी इस हेतु सीधे जवाबदेह रहेंगे



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर नगर पालिक निगम में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बारिश पूर्व जल भराव की समस्या दूर करने सुगम निकास प्रबंधन शहर में कायम करने सख्त निर्देश आवश्यक बैठक लेकर दिए. महापौर ने कहा कि बारिश पूर्व सभी नालों की अच्छी तरह ह्यद्द सफाई करवाने के कार्य को गंभीरता से करवाएं. बारिश में कहीं भी जल का भराव हुआ, तो इसके लिये सम्बंधित जोन कमिश्नर और जोन स्वास्थ्य अधिकारी सीधे जवाबदेह रहेंगे.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम के जोन अध्यक्षगणों को बुलाकर शहर में बारिश पूर्व नालों की सफाई को लेकर जोन कमिश्नरों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों सहित नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू, श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, सर्वश्री मुरली शर्मा, अम्बर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रीतम सिंह, ठाकुर, गोपेश साहू, सचिन बी. मेघानी की उपस्थिति रही.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ड्डद्व निर्देश दिए कि व्यवहारिक रूप से आवश्यक होने पर जोन अधिकारी स्वच्छता का कार्य सफाई में बाधक पाटों को हटाकर बारिश पूर्व करवाएं, इसमें कोई लापरवाही कदापि सहन नहीं की जाएगी. सभी जोन कमिश्नर अपने जोन में आपदा प्रबंधन उपकरण की जाँच और परीक्षण तत्काल करें और आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत करवाकर उन्हें तैयार करवा लें. विशेष ध्यान रखें कि शहर में बारिश में किसी भी स्थान पर जल का भराव ना होने पाए. अन्यथा की स्थिति में नगर निगम द्वारा जिम्मेदारी तय करके सम्बंधित अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. महापौर ने बारिश पूर्व सभी नालों की अच्छी तरह सफाई करवाने पार्षदों से समन्वय बनाकर कार्य करवाने के निर्देश जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए.

## सुषमा तिलक साहू ने जेसीबी मशीन लगवाकर बारिश पूर्व सफाई बारिश में जलभराव की समस्या को दूर करने करवाई




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 अंतर्गत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 क्षेत्र अंतर्गत कविता नगर बोरियाखुर्द के नाले में जोन 10 जोन कमिश्नर श्री मोनेश्वर शर्मा से चर्चा कर जोन 10 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित बेहरा को तत्काल नाला के स्पाट पर बुलवाकर जोन 10 जोन स्वास्थ्य विभाग से जेसीबी मशीन बुलवाकर कविता नगर बोरियाखुर्द नाले की बारिश पूर्व सफाई अपने सामने करवाई और नाले के क्षेत्र में गन्दे पानी का सुगम निकास कायम करवाया, ताकि इस वर्ष आगामी मानसून के दौरान बारिश में कविता नगर बोरियाखुर्द में नाला ओवरफ्लो ना होने पाए और बारिश में कहीं भी जल के भराव की समस्या का वार्ड के रहवासी नागरिकों को सामना कदापि ना करना पड़े.

## जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छांव अंतर्गत सभी अधिकारियों कर्मचारियो उनके परिवारजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

-रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार रायपुर जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छांव के अंतर्गत सभी अधिकारियों कर्मचारियों और उनके परिवारजनों हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य जाच शिविर का आयोजन राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में दिनाक 9 मई 2026 शनिवार को प्रात 9ः30 बजे किया गया है। शिविर में रायपुर जिले के प्रमुख अस्पतालों द्वारा सहयोग एव स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

रायपुर नगर पालिक निगम के सभी विभागाध्यक्षों एवं जोन कमिश्नरों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वयं अपने परिवार तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के परिवारों की उपस्थिति दिनाक 9 मई 2026 शनिवार को प्रात: 9ः30 बजे इंडोर स्टेडियम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर सुनिश्चित करें। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छाँव के अंतर्गत नि:शुल्क स्वास्थ्य जाच शिविर में बीपी, शुगर, वजन, ऊँचाई जैसी प्रारंभिक स्वास्थ्य जाँच, सोनोग्राफी, मैमोग्राफी, टीबी जांच, ईसीजी, इको, बोन डेनसिटी की भी सुविधा उपलब्ध है। साथ ही जनरल फिजीशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरो से परामर्श की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य जागरूकता के अतर्गत पोषण, जीवनशैली और रोग निरोधक उपायों से सबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेस जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं का पंजीयन और आवेदन की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है।

# प्रगति पत्रिका विद्यार्थियों की वैचारिक शक्ति और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिबिंब- मंत्री टंक राम

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देते हुए स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय (मोपका), निपनिया ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय की प्रथम वार्षिक पत्रिका प्रगति के प्रथम अंक का विमोचन आज प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा के कर-कमलों से उनके निवास कार्यालय में संपन्न हुआ।



**नवाचार की नई उड़ान**

पत्रिका के विमोचन के अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा, किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान उसकी रचनात्मकता से होती है। प्रगति पत्रिका केवल पन्नों का संग्रह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वैचारिक शक्ति और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का जीवंत प्रतिबिंब है। विशेषकर ग्रामीण अंचल के महाविद्यालय में इस तरह का नवाचार अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अभिव्यक्ति के बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर संकल्पित है।

**सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल**

यह पत्रिका प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के कुशल नेतृत्व और महाविद्यालय के शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। प्रगति पत्रिका का यह प्रथम अंक न केवल महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करेगा, बल्कि छात्र-छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक अभिनव मंच भी प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, सहायक प्राध्यापक डॉ. समीक्षा चंद्राकर (राजिम) और ओएसडी डॉ. संजय तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**महाविद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता**

पत्रिका के सफल प्रकाशन में सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका पाटले, नेहा केरकेट्टा, डॉ. असित कुमार, दुर्योधन निषाद और अदिति सैनी सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इस उपलब्धि से छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह है।

# अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर राज्यपाल डेका ने दिया रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज लोकभवन में राज्यपाल श्री रमेन डेका से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा के चेयरमेन श्री तोमन साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने राज्यपाल को रेडक्रॉस का बैज पहनाकर अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल डेका ने भी सभी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडक्रॉस संस्था मानवता, सेवा और संवेदनशीलता का सशक्त प्रतीक है।

राज्यपाल के निर्देश पर लोकभवन के आगंतुक कक्ष में रेडक्रॉस की गतिविधियों के लिए सहयोग राशि संग्रहण हेतु विशेष बॉक्स भी रखा गया है। इस बॉक्स में प्राप्त राशि का उपयोग रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित जनसेवा एवं सहायता कार्यों में किया जाएगा।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने राज्य में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी राज्यपाल को दी।

# भाजपा सिविल मंडल की बैठक सम्पन्न




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइन मंडल में आज दिनांक 07/05/26 को होटल किंग्स वे कॉन्टिनेंटल में भाजपा राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार , भाजपा सिविल मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मा. सुनील सोनी, विधायक दक्षिण विधानसभा, ने मंडल को सक्रिय करने एवं सुचारू रूप से बूथ इकाई गठन के लिए मार्गदर्शन दिया, ललित जैसिंघ उपाध्यक्ष भाजपा रायपुर जिला ,ने शक्ति केंद्र की संरचना पर सुझाव दिया ।बैठक की अध्यक्षता सुनील कुमार कुकरेजा अध्यक्ष भाजपा सिविल लाइन मंडल ने की , विशिष्ठ अतिथि अमर गिदवानी स्ल्ढष्ट मेंबर एवं पार्षद, सचिन मेघानी जोन अध्यक्ष एवं पार्षद, राजेश जैन, बबला होतवानी, कांति लाल जैन, अमरदास खट्टर, मंडल से महामंत्री शैलेन्द्र सिंह सोमवंशी, श्रीमती पदमा साहू, प्रेम गवली, कृपाराम चतुर्वेदी, थानू राम पटेल, इला दुबे जी, कमल रंधावा, सूरज यादव, कुंदन दाऊ ठाकुर,प्रकाश जोशी, दीपक पाठक,प्रशांत जगत,नीरज मनवानी,रितेश वाधवा, गौरी महानंद,धनेश मटलानी,अनीता बोए,डॉ लता नारंग, शिव ठाकुर,नारायण कुर्रे ,आशा अरोरा, मैरी फ्रांसीस, शेरू ध्रुव,मनीष साहू, शिवचरण सगरवंशी, अमन मरावी,गौरव कुमार, मनीष तलरेजा, सहित अन्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए।

# सुधा सोसाइटी फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस समारोह का आयोजन

### जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एक्शन, कैम्पियन स्कूल, विधान सभा रोड, रायपुर में भव्य समारोह का आयोजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सुधा सोसाइटी फाउंडेशन, रायपुर द्वारा जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एक्शन, कैम्पियन स्कूल, विधान सभा रोड, रायपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।




डॉ. रमन कुमार झा, कुलपति, कोलंबिया विश्वविद्यालय, ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ. सुप्रिया सिंह (स्त्री रोग विशेषज्ञ), श्रीमती सुनीता चौधरी (समाज सेविका) एवं पृथ्वीपाल भटनागर (व्यवसायी) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 23 विशिष्ट माताओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं कॉफी मग देकर परिवार व समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुधा ओपन स्कूल, आमासिवनी का तृतीय स्थापना दिवस भी मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने नृत्य, गीत एवं लघु नाटिका सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भाग लेने वाले सभी बच्चों को फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। सोसाइटी द्वारा आमासिवनी केंद्र में नि:शुल्क तीन माह का ड्रेस डिजाइनिंग एवं सिलाई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली 9 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. रमन कुमार झा ने सुधा सोसाइटी फाउंडेशन की सामाजिक पहलों की सराहना की और भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशि अग्रवाल एवं सुप्राची अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सोसाइटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष जी. के. भटनागर ने सभी अतिथियों का गमले में लगे पौधे एवं कॉफी मग देकर स्वागत किया। सुधा ओपन स्कूल के 40 से अधिक बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए जी. के. भटनागर ने कहा, आज हम उन गौरवशाली माताओं और परिवर्तन की वाहक महिलाओं को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को समर्पण और सेवा से प्रेरित किया है। प्रसिद्ध गायिका सुबरखा बिसेन ने अपने मधुर गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, तथा समाज सेविका सुरचना गोयल ने अपनी सामाजिक गतिविधियों के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों के लिए जलपान के साथ हुआ, जिसके पश्चात जी. के. भटनागर, संस्थापक एवं अध्यक्ष, सुधा सोसाइटी फाउंडेशन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# ब्रह्माकुमारीज समर कैम्प नवा रायपुर द्वारा बच्चों को मिली यातायात के नियमों की जानकारी...

## वाहन चलाते समय सही लेन में वाहन चलाने का ज्ञान जरूरी...टी. के. भोई, यातायात प्रशिक्षक

दंतेवाड़ा (प्रतिदिन राजधानी)

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-20 के शान्ति शिखर में आयोजित समर कैम्प में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यातायात प्रशिक्षक टी. के. भोई ने कहा कि हमें यातायात के सारे नियमों का पालन जरूर करना चाहिए क्योंकि यह हमारी ही जीवन रक्षा के लिए बनाए गए हैं। कभी भी शार्ट कट के चक्कर में अपनी जान को जोखिम में नहीं डालना चाहिए।



उन्होंने बतलाया कि हमारे देश में लोगों की मृत्यु का पांचवा सबसे बड़ा कारण सडक़ दुर्घटना है। मरने वालों में अस्सी प्रतिशत संख्या युवाओं की होती है जो कि देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि रायपुर में हर महिने हजारों की संख्या में नई गाडियाँ पंजीकृत होती हैं। किन्तु सडक़ों की संख्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अगर यही हाल रहा तो कुछ दिनों में सडक़ों पर चलने के लिए जगह नहीं बचेगी।

उन्होंने बतलाया कि ज्यादातर दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही से होती है। यदि चालक अच्छा हो और वह यातायात नियमों का पालन करता हो तो दुर्घटनाओं की सम्भावना कम हो जाती है। दुर्घटनाओं से बचने के लिए हमें यातायात संकेतों का भी ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने विस्तार से बच्चों को चित्रों के माध्यम से यातायात संकेतों का परिचय दिया तथा उनका पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने बतलाया कि यह संकेत संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों में एक समान होते हैं। उन्होंने कहा कि सडक़ पार करने के लिए जेब्रा कासिंग का ही उपयोग करना चाहिए। सडक़ पार करते समय आधी सडक़ को दाँयी ओर देखते हुए और शेष आधा सडक़ को बाँया आर देखत हुए पार करना चाहिए।

उन्होंने आगे बतलाया कि दुर्घटना से बचने के लिए वाहन चालक को सही लेन में चलना आना चाहिए।

सडक़ में सबसे अन्तिम बायीं ओर की लेन का उपयोग भारी वाहन, धीमी गति के वाहन और बायीं ओर मुडऩे वाले वाहनों को करना चाहिए। तेज गति के वाहनों के लिए बीच की लेन (मध्य रेखा) तथा सबसे अन्तिम दायीं ओर की लेन का उपयोग ओवरटेक करने अथवा दायीं ओर मुडऩे के लिए किया जाता है। कभी भी अचानक लेन नहीं बदलना चाहिए। अच्छा चालक बार-बार लेन नहीं बदलता। यदि लेन बदलना जरूरी हो तो उचित संकेत देकर ही बदलना चाहिए।

# कैट छत्तीसगढ़ में प्रदेश वरिष्ठ व्यापारियों को मिली बड़ी जिम्मेदारी



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रदेश चेयरमेन, वाइस चेयरमेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष पदों पर दिग्गज व्यापारियों की नियुक्ति

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) द्वारा छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश नेतृत्व की नई टीम को विस्तार दिया है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल तथा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी की अनुशंसा एवं प्रदेश कोर कमेटी की सहमति एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ इकाई के नए वरिष्ठ पदाधिकारियों का आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लेकर मनोनयन किया गया

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्टद्बढ्ढज्ञ) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के विस्तार एवं व्यापारी हितों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निम्नानुसार नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रदेश चेयरमेन जितेन्द्र दोशी विक्रम सिंहदेव, प्रदेश वाइस चेयरमेन, सुरिंदर सिंह जीवत बजाज, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, राजेंद्र जग्गी वासु, माखीजा राम मंधान भरत जैन, राकेश ओचवानी शंकर बजाज कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ लगातार प्रदेश के व्यापारियों के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है तथा आने वाले समय में संगठन प्रत्येक व्यापारी की आवाज बनकर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि नवगठित टीम स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय मंच तक व्यापारियों की समस्याओं एवं मांगों को प्रभावी रूप से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक जगत अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों को सशक्त, संगठित एवं उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कैट छत्तीसगढ़ प्रदेश के व्यापारियों के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है इसे अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा

# राजधानी में बम बनाया जा रहा, गैंगवार हो रहा, गोली मारकर हत्या हो रही और क्या बचा सरकार - कांग्रेस

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

राजधानी में बम बनाये जाने का सामान मिलने पर कांग्रेस ने कहा कि राजधानी के उरला क्षेत्र में एक घर से बड़ी मात्रा में बम बनाया जा रहा था। कल ही मेकाहारा के पास गैंगवार हो रहा था, घंटों सड़क पर चाकू, तलवार, फरसा लहराये जा रहे थे। गोली मारकर दो युवतियों की हत्या कर दी गयी। पुराने विधानसभा के पास व्यापारी से एक करोड़ की लूट हो गयी। सरकार और भाजपा कहती है कि सब ठीक है, प्रदेश और राजधानी की कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। सरकार बता दे कि अपराध का स्तर किस हद तक बढ़ेगा कि तब वह मानेगी की प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो चुकी है। राजधानी सहित प्रदेश में बढ़ी अपराध की घटनाएं सब्र बर्दाश्त के बाहर होते जा रही है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में बेलगाम हो चुके है, रोज हो रही लूट, चोरी, डकैती, चाकूबाजी, हत्याओं और आपराधिक घटनाओं से राजधानी में सहित पूरे प्रदेश में भय का माहौल है, रायपुर में लूट, हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी रायपुर में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं होता भयावह हत्या की एक दो घटनाएं न होती हो, अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार। पूरे प्रदेश में नागरिकों को भय के माहौल में जीवन जीना पड़ रहा है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरें सामने आ रही। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आपराधिक तत्व इतने बेखौफ हो गये है कि उनमें पुलिस का भय जरा भी नहीं बचा है। राह चलते किसी को भी चाकू मार दी जा रही, सड़कों पर खुलेआम हत्या हो रही है। प्रदेश में जब से भाजपा की

# डॉ. संजीव शुक्ला ने भयमुक्त व्यापार एवं सुरक्षा का आश्वासन प्रदान किया



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

खरोरा, रायपुर (छत्तीसगढ़) में हुई घटना एवं लगातार सराफा एवं सोनी समाज के कारीगरों पर हो रहे हमलों से समाज के लोगों में दहशत का वातावरण व्याप्त है। इसी विषय को लेकर जान-माल की सुरक्षा हेतु आज डॉ. संजीव शुक्ला को राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार एवं राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी द्वारा ज्ञापन सौंपकर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु अनुरोध किया गया।

इस दौरान श्रीमान डॉ. संजीव शुक्ला जी ने भयमुक्त व्यापार एवं सुरक्षा का आश्वासन प्रदान किया।

# कथित सुशासन की पोल खुल रही तो अधिकारियों को धमकाया जा रहा - दीपक बैज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

तथाकथित सुशासन असली पोल सुशासन त्यौहार में खुल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मंत्री, विधायक, सांसद अब अधिकारियों को धमकाने, चमकाने पर उतर आये है। ढाई साल के सरकार जनता से दूर हो चुकी है। सुशासन त्यौहार के नाम पर जब जनता के बीच जा रहे तब जनाक्रोश को दबाने अधिकारियों पर दोषारोपण कर रहे है। मंत्री दयालदास बघेल मंच से शराब तस्करी के लिए पुलिस को दोषी ठहरा रहे है, तो विधायक रोहित साहू पटवारी को धमका रहे है, सांसद भोजराज नाग अधिकारी को निपटाने की धमकी दे रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ की 1 करोड़ महिलाओं से महतारी वंदन का फार्म भरवाये, 18 लाख पीएम आवास देने का फर्जी दावा किये, 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का झूठा वादा किये, अब उस वादाखिलाफी से ध्यान भटकाने सुशासन तिहार के नाम पर एक बार फिर आवेदन जमा किये जा रहे है, सरकार का फोकस समस्या के निराकरण में नहीं है। पेयजल व्यवस्था बदहाल है, बूंद-बूंद पानी के लिए जनता तरस रही है, मनरेगा के श्रमिक काम के इंतजार में खाली बैठे हैं, शिक्षकों की भर्ती रोक दी गई है।

# पहाड़ी गांवों में पहुंचे कलेक्टर-एसपी, सुशासन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद

**सुकमा, प्रतिदिन राजधानी**

सुकमा जिले में सुशासन तिहार 2026 के तहत शासन की योजनाएं अब केवल फाइलों और दफ्तरों तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि प्रशासन स्वयं दुर्गम इलाकों तक पहुंचकर ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। बुधवार को कलेक्टर अमित कुमार एवं पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने सुकमा विकासखंड के अत्यंत पहुंचविहीन गांव गोंडेरास और नीलावाया का दौरा किया। करीब 30 किलोमीटर उबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्तों को मोटरसाइकिल से तय कर अधिकारी गांव पहुंचे और सुशासन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

गोंडेरास गांव में कलेक्टर अमित कुमार और एसपी किरण चव्हाण ने इमली के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं बेहद आत्मीयता से सुनीं। उन्होंने बताया कि गांव की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पहले ही 60 से 70 लाख रुपये के विकास कार्य आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन आदि स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी जिम्मेदारी पंचायत को दी गई है ताकि कार्य



तेजी से और प्रभावी ढंग से हो सके। ग्रामीणों द्वारा सौर प्लेट खराब होने की शिकायत पर कलेक्टर ने तत्काल क्रेड़ा विभाग के अधिकारियों को सभी घरों में सौर प्लेट मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रशासन ने योजनाओं के क्रियान्वयन की मौके पर ही समीक्षा करते हुए पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाता, तेंदूपत्ता खरीदी जैसी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में ग्रामीणों को त्वरित लाभ देते हुए 17 केसीसी कार्ड, पीएम किसान के 11 प्रकरण, 12 जाति प्रमाण पत्र, 2 किसान किताब, 2 पटवारी प्रतिवेदन सहित कई दस्तावेज मौके पर ही वितरित किए गए। गांव के सरपंच जोगा वंजामी ने अधिकारीयों के आगमन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पहली बार है जब कोई कलेक्टर उनके गांव तक पहुंचा है।

गोंडेरास के बाद कलेक्टर मोटरसाइकिल से नीलावाया पहुंचे और वहां भी जमीन पर बैठकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई। उन्होंने सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल में इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सचिव को 4 मोतियाबिंद मरीजों को जिला अस्पताल भेजकर इलाज कराने के निर्देश दिए गए। शिविर में 22 जन्म प्रमाण पत्र बनाकर तत्काल वितरित किए गए तथा 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी पूरी कराई गई, जिससे कार्यक्रम में मानवीय संवेदनशीलता का संदेश स्पष्ट दिखा।

कलेक्टर ने बताया कि शासन की मंशा है कि विकास का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचे। हमने गोंडेरास और नीलावाया की बुनियादी सुविधाओं के लिए लगभग 70 लाख रुपये के निर्माण कार्य स्वीकृत किए हैं, जिनकी क्रियान्वयन एजेंसी पंचायत को बनाया गया है ताकि स्थानीय स्तर पर काम में तेजी आए।

# शराब पीने से मना करने पर पत्नी की हत्या

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

कोंडागांव पुलिस ने शराब पीने से मना करने पर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम (35) निवासी ग्राम चिपावंड डोंडियापारा, थाना व जिला कोंडागांव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार, 5 मई को सिंगलु मंडावी निवासी चिपावंड डोंडियापारा ने थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि 30 अप्रैल को ग्राम खड़का के कुछ लोगों ने उसे सूचना दी कि उसका साला पीतम कोर्राम शराब के नशे में अपनी पत्नी सुखदई कोर्राम के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहा था, जिससे वह बेहोश हो गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता मौके पर पहुंचा तो आरोपी वहां से भाग गया। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से सुखदई कोर्राम को अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 3 मई को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में थाना कोंडागांव में अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत जांच शुरू की गई।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी शराब पीने को लेकर उसे ताना देती थी, जिससे वह परेशान हो गया था। उसने घर में रखे मोटे डंडे से अपनी पत्नी के सिर पर वार कर हत्या कर दी।

# सुशासन तिहार: कोण्डागांव में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

सुशासन तिहार 202 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कोण्डागांव द्वारा बुधवार को विकास नगर वार्ड क्रमांक-08 स्थित सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक 6 से 11 तक के छह वार्डों के नागरिकों के लिए विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



शिविर में नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा भारतीय डाक विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर के दौरान कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 मांग संबंधी एवं 29 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल थे। मांग संबंधी आवेदनों में से राशन कार्ड से संबंधित एक आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए आवेदक को राशन कार्ड प्रदान किया गया। प्राप्त आवेदनों में नगरीय प्रशासन विभाग के 31, प्रधानमंत्री आवास योजना के 8, महिला एवं बाल विकास विभाग के 3, खाद्य विभाग का 01 तथा विद्युत विभाग का 01 आवेदन शामिल रहा।

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। साथ ही एसडीएम एवं संयुक्त संचालक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत एक हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी गई तथा एक हितग्राही को राशन कार्ड प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 39 बच्चों का बाल आधार नामांकन किया गया। इसके अलावा दो हितग्राहियों द्वारा आधार से मोबाइल नंबर अपडेट कराया गया तथा छह हितग्राहियों के भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) खाते खोले गए। शिविर में छह लोगों ने ग्रुप एक्सिडेंटल गार्ड पॉलिसी के लिए पंजीयन कराया, जिनमें एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार ने भी पॉलिसी ली। राजस्व विभाग के स्टॉल पर विभिन्न वार्डों के नागरिकों ने नामांतरण एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों के लिए ऑनलाइन एंट्री कराई।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जगदलपुर शहर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को इस परीक्षा के लिए समन्वय केंद्र बनाया गया था, जहाँ सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक परीक्षा संचालित की गई। इस केंद्र पर परीक्षा के लिए कुल 115 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 63 छात्र उपस्थित हुए और 52 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।



परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन हेतु जिला प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले ही केंद्र पर बुला लिया गया था। मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी की सघन जांच की गई और इसके उपरांत ही उन्हें भीतर प्रवेश की अनुमति दी गई। प्रवेश के दौरान शिक्षकों द्वारा इंटरनेट से प्राप्त साफ-सुथरे मूल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान कर गहन सत्यापन किया गया। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं थी, उन्हें दो वर्तमान रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने के निर्देश दिए गए थे। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए एक विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था, जिसका कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षार्थियों को केवल हल्के रंग की हाफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े और पैरों में चप्पल पहनकर आने की अनुमति थी। केंद्र के भीतर जूता-मोजा, घड़ी, पर्स, बेल्ट, मोबाइल और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या संचार साधनों को ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहा। यहाँ तक कि आभूषणों जैसे बाली, झुमके और कड़े या कलावा धागा पहनने पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई थी। जिला प्रशासन द्वारा उक्त परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।



# बंगाल-असम में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**बचेली, प्रतिदिन राजधानी**

7 मई। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद बचेली नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार जश्न मनाया। नगर के मुख्य मार्ग गौरव पथ स्थित हनुमान मंदिर बजरंग चौक के पास बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और जीत की खुशी में भाजपा के झंडे लहराते हुए भाजपा जिंदाबाद एवं नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का उत्सव मनाया। साथ ही सभी झालमुड़ी भी खिलाई गई। भाजपा समर्थकों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी खुशी रहा। पदाधिकारियों ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

# जनदर्शन में आवास, पेयजल और अवैध कब्जा हटाने गुहार

**दुर्ग, प्रतिदिन राजधानी**

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुँचे ग्रामीणों और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, पेयजल की समस्या, गंभीर बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में 104 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में आवास की समस्या को लेकर भी अनेक आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत खपरी की एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान की मांग की। आवेदिका ने बताया कि वह एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर है, जिससे बरसात के दिनों में जान-माल का खतरा बना रहता है। आर्थिक रूप से



कमजोर होने के कारण वह स्वयं मकान बनवाने में असमर्थ है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के अधिकारियों को पात्रता की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर आवास स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

इसी कड़ी में, भिलाई की एक बुजुर्ग महिला ने अपने बीमार पुत्र के इलाज और परिवार के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र की दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं, जिसके कारण वह काम करने में असमर्थ है। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के कारण घर का खर्च और बच्चों की शिक्षा का प्रबंध करना कठिन हो गया है। कलेक्टर ने इस संवेदनशील मामले पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में पेयजल आपूर्ति और सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे की गंभीर शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम अमलीडीह से पहुँचे ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गाँव में विशाल पानी टंकी का निर्माण हो गया है, लेकिन ग्रामीणों को नल से नियमित जल प्राप्त नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के कार्यपालन अभियंता को तत्काल योजना के अंतर्गत आवंटित अपने मकान इसके अतिरिक्त, ग्राम बघेरा और शीतला नगर बोरसी के निवासियों ने भी सार्वजनिक रास्तों और निजी भूमि पर अवैध कब्जे व बिना अनुमति 5जी टावर लगाए।

# मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग मजदूर की मौत

**दुर्ग, प्रतिदिन राजधानी**

फार्म हाउस में काम कर रहे बुजुर्ग पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। छत्ता गिरने से भड़की मधुमक्खियों ने मजदूर रमेश भोई पर हमला कर दिया जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान रमेश की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक जिले के ग्राम गनियारी में एक फार्म हाउस में मजदूर लोग काम कर रहे थे। इस दौरान तेज हवा के कारण एक पेड़ की डाल जिसमें मधुमक्खियों का छत्ता बना हुआ था वह टूटकर नीचे गिर गई। इससे भड़की मधुमक्खियों ने आसपास काम कर रहे मजदूरों पर हमला बोल दिया। कई मजदूर भाग कर अपने आप को बचा लिए परंतु लगभग 60 वर्षीय रमेश भाई तेजी से भाग नहीं पाया और उसे मधुमक्खियों ने घेर कर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कुछ लोगों ने रमेश को बचाने के लिए उस पर पानी डाला और कंबल ढककर मधुमक्खियों से बचाने की कोशिश की। इसके बाद किसी तरह उसे तुरंत रसमड़ा के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां से उसे हायर ट्रीटमेंट के लिए दुर्ग जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रमेश भोई ने दम तोड़ दिया।

फार्म हाउस के मैनेजर भाविक टांक में बताया कि रमेश पिछले 12 साल से वहां पर काम कर रहा था, उसकी कोई संतान नहीं थी। वह मूल निवासी जिला बलांगीर उड़ीसा का रहने वाला था और वह अपनी पत्नी अष्टमी भोई के साथ पिछले 12 वर्षों से गनियारी के रितेश टांक के सब्जी फार्म हाउस में काम कर रहा था। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## ऑनलाइन जुआ खिलाने वाले दो गिरफ्तार

**दुर्ग, प्रतिदिन राजधानी**

जुआ सट्टा के खिलाफ जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन जुआ खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में मोहन नगर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन एवं नगदी रकम 36,100 रुपए जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। मोहन नगर थाना प्रभारी केशव कोसले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल ऋषि के पास रेलवे स्टेशन के सामने कुछ व्यक्ति अवैध रूप से आईपीएल क्रिकेट मैच पर रुपए पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित कर मौके पर भेजी गई थी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी मोहसिन खान निवासी रिसाई पारा धमतरी, राहुल खान निवासी रिसाई पारा धमतरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# हरियाली बढ़ाने और जल संरक्षण पर जोर

**दुर्ग, प्रतिदिन राजधानी**

लोकसभा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सांसद श्री बघेल ने निर्देशित किया कि जिले में राज्य और केन्द्र शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। सांसद श्री बघेल ने क्षेत्र के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर देते हुए एक पेड़ मां के नाम और एक सोखता संतान के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संवर्धन को भी बढ़ावा मिल सके।

सांसद ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों में पौधारोपण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही नगरीय निकायों में बिल्डिंग परमिशन देते समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने नगरीय निकायों के आयुक्तों को स्वयं क्षेत्र में जाकर कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। साथ ही ग्राम पंचायतों में भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव में काम शुरू करने तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल देते हुए अधिकारियों ने बताया कि निकुम, जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव, चंदखुरी-कोलिहापुरी-पीसेगांव, अंजोरा-ढाबा, मोतीमपुर, ओदरागहन-सुरपा एवं कौही-रानीतराई समूह जलप्रदाय योजनाओं पर कार्य जारी है। सांसद ने लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रमुखता से क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग करने को कहा।

उन्होंने कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए समय पर खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बारिश से पहले पशुओं का टीकाकरण गांव-गांव में शिविर लगाकर प्राथमिकता से करने को कहा। इसके अलावा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जर्जर सड़कों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खराब सड़कों का निरीक्षण कर शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 100 प्रतिशत मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। वहीं मार्च 2026 से मई 2026 तक 65 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराए गए हैं।

# प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया, किसानों के साथ छल-कांग्रेस

**दुर्ग, प्रतिदिन राजधानी**

प्रति एकड़ 2 की जगह अब सिर्फ 1 बोरी यूरिया मिलेगा ऐसा कर भाजपा सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। दुर्ग जिला ग्रामीण किसान कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने विभिन्न सहकारी समितियों का दौरा कर खरीफ फसल हेतु खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उक्त बातें व्यक्त की।

उन्होंने अब तक खाद वितरण शुरू नहीं होने की बात कहते हुए रोष व्यक्त किया। साथ ही जल्द खाद वितरण शुरू नहीं करने व पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी दी। श्री ठाकुर बुधवार को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मुरमुंदा, लिमतरा एवं नंदौरी पहुंचे। दौरे के दौरान सामने आए आंकड़े रखते हुए भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की पोल खोलते हुए उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 7 मई 2025 के बीच



मुरमुंदा सोसायटी में डीएपी 323, यूरिया 389, सुपर फास्फेट 124 एवं पोटाश 109 बोरी, लिमतरा सोसायटी में डीएपी 143 ब, यूरिया 247, सुपर फास्फेट 71 एवं पोटाश 18 बोरी तथा नंदौरी सोसायटी में डीएपी 540, यूरिया 733, सुपर फास्फेट 291 एवं पोटाश 155 बोरी का वितरण हो चुका था, जो उस समय भी अपर्याप्त था। इसके विपरीत, इस वर्ष 6 मई 2026 तक की स्थिति बेहद चिंताजनक है। इन समितियों में इस वर्ष अब तक किसानों को एक भी बोरी खाद का वितरण नहीं हुआ है और न ही समितियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि भाजपा सरकार किसानों की जरूरतों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है। यह समस्या केवल दुर्ग जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है।

श्री ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों के साथ लगातार छल किया जा रहा है। जहां पिछले वर्ष किसानों को प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी दिया जा रहा था, वहीं इस वर्ष उसे भी घटाकर केवल 1 बोरी यूरिया व 1 बोरी डीएपी दिए जाने की बात सामने आ रही है, जो सीधे-सीधे किसानों की उत्पादन क्षमता पर चोट है। दौरे के दौरान श्री ठाकुर ने उपस्थित किसानों से सीधी चर्चा भी की, जिसमें किसानों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक खाद वितरण शुरू नहीं हुआ है, जिससे बुवाई की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हर वर्ष खाद के लिए भटकना पड़ता है, लेकिन इस बार तो स्थिति और भी बदतर है। किसानों ने यह भी कहा कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो फसल पर गंभीर असर पड़ेगा और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। वर्तमान स्टॉक की स्थिति भी बेहद निराशाजनक है। नंदौरी सोसायटी में मात्र 52 टन यूरिया, 80 डीएपी, 30 सुपर फास्फेट एवं 22 टन पोटाश उपलब्ध है।

खेल समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444

# प्रिंस ने कोहली को जीरो पर बोल्ड किया : पंत के हाथ से बल्ला छूटा, मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक जड़ा







**नई दिल्ली।** आईपीएल में खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में मिचेल मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक जड़ा। वहीं, युवा गेंदबाज प्रिंस यादव ने विराट कोहली को शून्य पर बोल्ड कर झटका दिया। मैच के दौरान ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूटने वाला मजेदार पल भी देखने को मिला।

### मार्श के छक्के से कैमरामैन के सिर पर लगी बॉल

लखनऊ की पारी के दूसरे ओवर में मिचेल मार्श ने जोश हेजलवुड की बॉल पर दो छक्के लगाए। उनका दूसरा छक्का बाउंड्री पर मौजूद कैमरामैन के सिर पर जा लगा। हालांकि, चोट ज्यादा नहीं लगी।

### बारिश के कारण मैच तीन बार रुका

पहली पारी के दौरान बारिश के कारण तीन बार मैच रोकना पड़ा। पहली बार दूसरे ओवर में बारिश आई और मैच करीब 10 मिनट तक रुका रहा।

### पंत के हाथ से बल्ला छूटा, चौका भी मिला

17वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूट गया। हालांकि, इस बॉल पर उन्हें चौका मिल गया। हेजलवुड की यॉर्कर ऑफ स्टंप के बाहर थी, जिस पर पंत ने जोरदार शॉट खेला। गेंद पॉइंट की ओर चौके के लिए गई, लेकिन शॉट के दौरान उनका बल्ला हाथ से छूटकर लेग साइड में जा गिरा।

### पंत को जीवनदान, कैच छूटा, बेथेल की उंगली में चोट लगी

17वें ओवर की 5वीं बॉल पर ऋषभ पंत को जीवनदान मिला। जोश हेजलवुड की लो फुल टॉस गेंद पर पंत ने शॉट खेला और गेंद डीप मिडविकेट की ओर गई। बाउंड्री से दौड़ते हुए बेथेल ने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कैच छूट गया। इस दौरान उनकी उंगली चोटिल हो गई और खून निकलने लगा। चोट के बाद उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

### कोहली को प्रिंस यादव ने बोल्ड किया

दूसरी पारी के दौरान बेंगलुरु ने दूसरे ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। विराट कोहली जीरो पर आउट हुए। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया। करीब 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंद गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर पिच हुई। कोहली आगे बढ़कर खेलने गए, लेकिन गेंद अंदर आई और सीधे ऑफ स्टंप से टकराकर स्टंप उखाड़ गई।

### पाटीदार की छक्के से फिफ्टी

10वें ओवर में कप्तान रजत पाटीदार ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। उन्होंने मयंक यादव की दूसरी बॉल पर डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग के ऊपर छक्का लगाया। अगली बॉल पर उन्होंने 101 मीटर का छक्का जड़ा।

### मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक लगाया

**लखनऊ के बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बेंगलुरु के खिलाफ मैच में टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाया। उन्होंने इकाना स्टेडियम में सिर्फ 49 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऋषभ पंत के नाम था। उन्होंने पिछले साल 54 गेंदों में शतक लगाया था।**

### भुवनेश्वर 200 आईपीएल मैच खेलने वाले पहले पेसर

**बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार 200 आईपीएल मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। भुवनेश्वर 200 मैच खेलने वाले कुल 12वें खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले 5 अप्रैल को वे युजवेंद्र चहल के बाद आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले दूसरे और पहले तेज गेंदबाज बने थे।**

## सूर्यकुमार की जगह श्रेयस अय्यर को कप्तान बना सकती है बीसीसीआई : रिपोर्ट




**मुम्बई।** भारतीय टी20 विश्वकप क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है। सूर्यकुमार का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है और वह रनों के लिए संघर्ष करते दिखे हैं। ऐसे में भविष्य की ओर देखते हुए बीसीसीआई चयन समिति उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को कप्तानी दे सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार नये कप्तान की दौड़ में श्रेयस अय्यर का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। सूर्या की कप्तानी में भारतीय टीम ने विश्वकप जीता था पर उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में माना जा रहा है कि चयन समिति अब उनसे आगे बढ़ना चाहती है। इस भारतीय टीम को इस सत्र में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ अहम सीरीज खेलनी है, और बीसीसीआई जब इन इन मुकाबलों के लिए टीम घोषित करेगा तो टीम को इस प्रारुप में एक नया कप्तान मिल सकता है। टी20 विश्वकप के अलाव सूर्या आईपीएल में भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। उनके लगातार कमजोर प्रदर्शन के कारण् चयनकर्ताओं का मानना है कि अब उन्हें आगे बढ़ने की जरुरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चयनकर्ता अगले क्रिकेट चक्र के लिए टीम में एक नई ऊर्जा लाना चाहते हैं, जिसकी शुरुआत आयरलैंड में दो टी20 मैचों से होगी और उसके बाद इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वहीं श्रेयस ने पिछले कुछ समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में उन्हें कप्तानी सौंपी जा सकती है। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन 2028 टी20 विश्व कप और लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए एक योजना पर काम कर रहा है। इसमें नए नेतृत्व को अवसर दिया जा सकता है, जिससे भविष्य के लिए मजबूत टीम तैयार की जा सके। अभी के हिसाब से, कप्तान के तौर पर सूर्यकुमार के दिन कुछ ही लग रहे हैं, और देखना होगा कि वह बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना पाते हैं या नहीं। दूसरी ओर सूर्या ने अगले दो साल तक कप्तान बने रहने की इच्छा जाहिर की है पर बीसीसीआई उन्हें शायद ही अवसर दे। वहीं श्रेयस अय्यर की कप्तानी बेहतर होती जा रही है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्होंने पंजाब किंग्स को शानदार तरीके से फाइनल तक पहुंचाया था, और आईपीएल 2026 में भी उनका प्रदर्शन अब तक जबरदस्त रहा है। उनकी मौजूदा फॉर्म और नेतृत्व क्षमता उन्हें भारत की टी20 टीम की कप्तानी के लिए एक मजबूत दावेदार बनाती है।

## वॉन ने राष्ट्रीय चयनकर्ता की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जतायी

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने नए राष्ट्रीय चयनकर्ता की नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जतायी है। वॉन ने कहा है कि पिछले चार माह से इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ( ईसीबी) चयनकर्ता की घोषणा नहीं कर पाया है जो बेहद निराशाजनक है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि एक और जहां टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रही है। वहीं दूसरी ओर चयनकर्ता का पद खाली है। ऐसे में टीम का चयन किस प्रकार किया जाएगा। ये समझ नहीं आ रहा। वॉन ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जा सकाता है। उन्होंने नये चयनकर्ता के जल्द से जल्द पदभार संभालने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, मैं चाहता था कि चयनकर्ता अब तक नियुक्त कर दिया जाना चाहिये था। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि पूर्व चयनकर्ता लुक राइट ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अंत में पद छोड़ा था और उनकी जग नये चयनकर्ता की तलाश में ईसीबी ने चार माह लगा दिये। जो कि काफी लंबा समया है। यह पद तब से खाली है जब ल्यूक राइट ने 22 जनवरी को घोषणा की थी कि वह छोड़ देंगे, हालांकि उन्होंने मार्च में टी20 विश्व कप के बाद पद छोड़ा। इसके बावजूद, उनके जगह नये चयनकर्ता को खोजने की प्रक्रिया अब जाकर अपने अंतिम चरण में पहुंची है, ईसीबी ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों 4-1 से एशेज में मिली हार के बाद पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के ढांचे की समीक्षा शुरू की थी, जहां प्रबंध निदेशक रॉब की और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम अपने पदों पर बने रहे, लेकिन चयनकर्ता का पद भर नहीं पाया। इस पद के लिए विज्ञापन 18 मार्च को जारी किया गया था और आवेदन 17 अप्रैल तक खुले थे। वहीं ईसीबी ने घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए अपने मौजूदा स्काउट्स के नेटवर्क पर भरोसा किया है। प्रतिभा की पहचान प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए एक नया काउंटी इनसाइट ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें काउंटी कोच और ईसीबी के अधिकारी शामिल हैं। इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टीवन फिन और डैरेन गफ उन प्रमुख नामों में शामिल हैं जिनके नाम इस पद के लिए चर्चा में हैं, जिसके लिए लगभग 80 आवेदन आए हैं।

# दिल्ली ने कोलकाता को 143 रन का टारगेट दिया

## पाथुम निसांका ने फिफ्टी लगाई, अनुकूल और त्यागी को 2-2 विकेट



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 143 रन का टारगेट सेट किया है। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। ओपनर पाथुम निसांका ने 29 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। जबकि आशुतोष शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया। केएल राहुल ने 23 रन बनाए। कोलकाता की ओर से अनुकूल रॉय और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कैमरन ग्रीन को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। 20वें ओवर में दिल्ली के दो विकेट गिरे। कार्तिक त्यागी की बॉल पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आशुतोष शर्मा को कवर्स पर कैच किया। इसी ओवर में मिचेल स्टार्क रनआउट हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके।19वें ओवर की तीसरी बॉल पर दिल्ली ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान अक्षर पटेल 22 बॉल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने अनुकूल रॉय के हाथों कैच कराया। अनुकूल ने डीप मिडविकेट बाउंड्री पर रनिंग कैच पकड़ा। ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर अक्षर ने फ्लैट पुल शॉट खेला। अनुकुल बाईं ओर तेजी से दौड़े और कमर की ऊंचाई पर शानदार कैच लपका। कैच लेते समय उनका पैर जमीन में फंस गया और वह गिर पड़े, लेकिन गेंद पर पकड़ नहीं छोड़ी। 17वें ओवर में आशुतोष शर्मा ने वरुण चक्रवर्ती की तीसरी बॉल पर छक्का लगाया।

यहां 38 बॉल के बाद बाउंड्री आई। आशुतोष ने अगली 2 बॉल पर पर लगातार दो चौके लगाए। वरुण के इस ओवर से 16 रन आए। 16वें ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। अक्षर पटेल ने सुनील नरेन की आखिरी बॉल पर सिंगल लिया। सुनील के इस ओवर से 2 रन आए।

# आईपीएल में खिलाड़ियों की हनी ट्रैपिंग का खतरा

## होटल, डगआउट में बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक, मालिकों पर भी नजर रहेगी




**नई दिल्ली।** आईपीएल में हनी ट्रैप, खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर बीसीसीआई ने सख्त नियम लागू किए हैं। बोर्ड ने इन खतरों से बचाने के लिए खिलाड़ियों के होटल रूम, बस और डगआउट में बिना अनुमति बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी है। फ्रेंचाइजी मालिकों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। बीसीसीआई की एंटी करप्शन एंड सिक्योरिटी यूनिट की रिपोर्ट के मुताबिक कई मैचों के दौरान टीम के डगआउट, होटल और टीम बस में ऐसे लोग देखे गए, जिन्हें वहां रहने की अनुमति नहीं थी। यह प्रोटोकॉल उल्लंघन का मामला है।

**मेहमानों को जरूरी होगी मैनेजर की लिखित मंजूरी :** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सभी फ्रेंचाइजी को भेजे निर्देश में कहा कि अब किसी भी खिलाड़ी या स्टाफ के कमरे में कोई मेहमान टीम मैनेजर की लिखित मंजूरी के बाद ही एंट्री कर सकेगा। खिलाड़ियों और स्टाफ को होटल से अनियमित समय पर बाहर जाने से भी रोका गया है। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो सिक्योरिटी लायजन ऑफिसर और टीम इंटीग्रिटी ऑफिसर को पहले से सूचना देनी होगी।

**मैच के दौरान मालिकों की एंट्री सीमित :** बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि मैच के दौरान फ्रेंचाइजी मालिक, खिलाड़ियों या टीम स्टाफ से सीधे संपर्क नहीं कर सकते। ड्रेसिंग रूम, डगआउट या मैदान में जाकर बातचीत करना भी नियमों के खिलाफ होगा।

**वेपिंग और ई-सिगरेट पर पूरी तरह बैन :** आईपीएल 2026 में वेपिंग का मामले भी सामने आए हैं। इस मामले में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर जुर्माना भी लगाया था। पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। चहल ने इसकी पुष्टि या खंडन नहीं किया है। बोर्ड ने इस सबके बाद आईपीएल से जुड़े सभी स्थानों ड्रेसिंग रूम, होटल और प्रैक्टिस एरिया में वेपिंग और ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर भी सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। बता दें कि वेपिंग और ई-सिगरेट भारतीय कानून के तहत पहले से ही बैन हैं।

## एलएसजी के लिए पहले बल्लेबाजी करना रहा है फायदेमंद, आरसीबी ने कर दी थी बड़ी गलती

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच इकाना स्टेडियम में एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। एलएसजी ने लगातार 6 हार का क्रम तोड़ा और आरसीबी के बारिश से प्रभावित मैच में 9 रन से हराया। आरसीबी के लिए पहले बल्लेबाजी हमेशा से फायदेमंद रही है, और इस मैच में भी परिणाम टीम के पक्ष में रहा। आईपीएल में अक्सर टीमें टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लेती हैं। टी20 फॉर्मेट में टीमों को चेज करना ज्यादा पसंद होता है। मैच का परिणाम भी अधिकतर बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों के पक्ष में आता है। एलएसजी के मामले में आंकड़े विपरीत हैं। एलएसजी का रिकॉर्ड पहले बल्लेबाजी करते हुए बाद में बल्लेबाजी करने की तुलना में बेहतर है। एलएसजी के लिए 2022 पहला सीजन था। उस समय से अब तक एलएसजी ने कुल 68 मैच खेले हैं। इसमें 38 मैचों में एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी की है जिसमें 21 में जीत और 16 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच का परिणाम नहीं निकला। जीत का प्रतिशत 56.75 है। वहीं , 30 मैचों में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी को 12 मैचों में जीत और 18 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। जीत का प्रतिशत 40.0 है। ऐसे में एलएसजी के लिए पहले बल्लेबाजी करना हमेशा से लाभकारी रहा है।

आरसीबी ने टॉस जीतकर एलएसजी को बल्लेबाजी का न्योता दिया था, और पुराने रिकॉर्ड के मुताबिक लगातार 6 मैचों की हार के सिलसिले को तोड़ते हुए एलएसजी ने मैच 9 रन से जीत लिया।

## यूरोपा लीग : एस्टन विला ने फाइनल में बनाई जगह



**बर्मिंघम।** जॉन मैकगिन और एमिलियानो बुएंडिया के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यूईएफए यूरोपा लीग 2026 के फाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल के दूसरे लेग में विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 4-0 से हराया और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। एस्टन विला का सामना 20 मई को इस्तांबुल के बेसिकटास पार्क में फ्रीबर्ग से होगा। विला पार्क में खेले गए मुकाबले में मैच की शुरुआत में नॉटिंघम फॉरेस्ट ने ओमारी हचिंसन के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही एस्टन विला ने खेल पर नियंत्रण कर लिया। पॉ टोरेस का प्रयास गोलकीपर स्टीफन ऑर्टेगा ने शानदार तरीके से बार के ऊपर भेजा, जबकि यूरी टिलेमान्स और ओली वॉटकिंस भी शुरुआती मौकों को गोल में नहीं बदल सके। पहला गोल आखिरकार वॉटकिंस ने किया। एमिलियानो बुएंडिया ने शानदार ड्रिब्लिंग करते हुए डिफेंस को छकाया और गेंद वॉटकिंस तक पहुंचाई, जिन्होंने आसान फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद विला का आत्मविश्वास और बढ़ गया। दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने और तेजी दिखाई। पॉ टोरेस की शर्ट खींचने पर विला को पेनल्टी मिली, जिसे बुएंडिया ने शानदार तरीके से गोल में बदल दिया। इसके बाद कप्तान जॉन मैकगिन ने तीन मिनट के भीतर दो बेहतरीन गोल दागकर मैच पूरी तरह खत्म कर दिया। दोनों मौकों पर उन्होंने सटीक बाएं पैर के शॉट लगाए और स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

## इस साल के अंत में त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज की मेजबानी करेगा पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए आने वाला सत्र काफी व्यस्त रहने वाला है। पाक इस साल के अंत में एक त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी करेगा जिसमें इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें भी खेलेंगी। यह सीरीज अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है। पाकिस्तान, इंग्लैंड और श्रीलंका के क्रिकेट बोर्ड के बीच इस पर सहमति तकरीबन बन गयी है। केवल मैच स्थलों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

टी20 क्रिकेट के कारण आजकल एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज का आयोजन अब काफी कम हो गया है। लगभग डेढ़ दशक पहले तक ये काफी लोकप्रिय थीं, लेकिन वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इनका आयोजन कभी-कभी ही होता है। ऐसे में इस त्रिकोणीय सीरीज का आयोजन पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण घटना होगी, जिससे देश में उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी को और भी मजबूती मिलेगी।

## टी20 में टिके रहने गेंदबाजों को विविधता लाने के साथ ही नये अस्त्र जोड़ने होंगे : क्रुणाल पांड्या




**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने कहा है कि आजकल जिस प्रकार से टी20 प्रारुप में बल्लेबाज नियमों का लाभ उठाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उसे देखते हुए गेंदबाजों को भी विविधता अपनानी पड़ेगी तभी वे मुकाबले में टिक पायेंगे। क्रुणाल ने कहा, अगर आप पिछले एक दशक से आईपीएल को करीब से देख रहे हैं, तो अपने देखा होगा कि बल्लेबाजों की आक्रामकता में तेजी आई है। आज पावर-हिटिंग लगातार विकसित हो रही है और नए जमाने के बल्लेबाज आसानी से बड़े शॉट लगा रहे हैं। ऐसे में गेंदबाज के रूप में, आपको विविधत लाते हुए नये प्रयोग करते रहने होंगे। नये प्रकार के अस्त्र लाकर ही गेंदबाज हावी हो सकते हैं। इसके लिए उन्हे बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहना होगा। । इसी कारण उन्होंने वह बाउंसर और यॉर्कर जैसी गेंदों फेंकने लगे हैं। इस सीजन में अब तक 9 विकेट लेने वाले और आईपीएल में कुल 100 विकेट का आंकड़ा पार कर चुके क्रुणाल ने मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए अपने को प्रासंगिक बनाए रखा है। एक स्पिनर होने के बावजूद, उन्होंने बाउंसर पर भरोसा किया। उन्होंने बताया कि यह अचानक नहीं था कि एक स्पिनर के तौर पर उन्होंने बाउंसर फेंकना शुरू कर दिया। यह एक सोची-समझी योजना थी, जिसमें बल्लेबाज पर बाउंसर के मनोवैज्ञानिक प्रभाव को समझना शामिल था। खुद बल्लेबाज होने के नाते, उन्हें प्रतिद्वंद्वी की मानसिकता समझने में मदद मिलती है, जिससे वह हमेशा सोचने की प्रक्रिया में एक कदम आगे रहने की कोशिश करते हैं। क्रुणाल की रणनीति उनके कमजोर स्कोरिंग क्षेत्रों को निशाना बनाने पर केंद्रित होती है। अगर कोई बल्लेबाज कवर्स के ऊपर से आसानी से रन बनाता है, तो क्रुणाल उसे मिड-विकेट के ऊपर से शॉट खेलने के लिए मजबूर करने की कोशिश करते हैं। इसी तरह, अगर उसे स्लॉग स्वीप पसंद है, तो उसे लॉन्ग ऑफ के ऊपर से शॉट खेलने पर मजबूर किया जाता है।

व्यापार समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशिकत हेतु संपर्क करे : 9806044444



## अमेजन इंडिया की ग्रेट समर सेल में एआई-पावर्ड शॉपिंग के साथ खोजें गर्मियों की जरूरी चीजें

**बेंगलुरु।** Amazon.in गर्मियों को और आरामदायक व फायदेमंद बनाने के लिए अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 लेकर आ रहा है, जो 8 मई 2026 से शुरू होगी। 'समर का सांता' थीम पर आधारित यह शॉपिंग इवेंट हर घर में खुशी और उत्साह लेकर आएगा। इसमें स्मार्टफोन्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरण, ग्रॉसरी, रोजमर्रा की जरूरी चीजों और अन्य कई कैटेगरी में नए लॉन्च और शानदार ऑफर्स मिलेंगे। ग्राहक सैमसंग, एप्पल, वनप्लस, डेल, हायर, नाइकी, मोकोबारा, टोक्यो टॉकीज, कॉसआरएक्स, लेगो, स्लीपवेल और पैम्पर्स जैसे बड़े ब्रांड्स से खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक प्राइम जॉइन कर अपनी बचत को और बढ़ा सकते हैं और प्राइम-ओनली ऑफर्स के साथ अतिरिक्त 5% छूट और 250 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक पा सकते हैं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, 'सुविधा, तेज डिलीवरी और इनोवेशन पर मजबूत फोकस के साथ हम भारतभर के ग्राहकों के लिए समर शॉपिंग को आसान और फायदेमंद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम Amazon.in पर ग्राहकों के लिए टॉप ब्रांड्स के सीजनल जरूरी प्रोडक्ट्स, नए लॉन्च और एआई-सक्षम उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध करा रहे हैं। अमेजन ग्रेट समर सेल अब ग्राहकों के लिए एक अहम शॉपिंग अवसर बन चुकी है, जहां कूलिंग अप्लायंसेज, फैशन, डेली एसेंशियल्स और होम डेकोर जैसी कई कैटेगरी में आकर्षक ऑफर्स मिलते हैं, जिससे ग्राहक आसानी से अपने घर और लाइफस्टाइल को गर्मियों के लिए अपग्रेड कर सकते हैं। हम एआई टूल्स के जरिए प्रोडक्ट खोजने के अनुभव को भी बेहतर बना रहे हैं, ताकि ग्राहक तेजी से, अधिक जानकारी के साथ और अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी का फैसला ले सकें। साथ ही, हमने अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क को और मजबूत किया है, ताकि 100% सर्विसेबल पिन कोड्स पर तेज और भरोसेमंद डिलीवरी सुनिश्चित हो सके। इसके परिणामस्वरूप देशभर के ग्राहक मिनटों और घंटों से लेकर सेम-डे और नेक्स्ट-डे डिलीवरी जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए विजन एआई से लैस नेक्स्ट-जेन मिनी एलईडी टीवी

**गुरुग्राम।** सैमसंग इस साल भारत में अपने 30 शानदार साल पूरे कर रहा है। इस मौके पर कंपनी ने अपनी नई मिनी एलईडी टीवी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये टीवी ज्यादा चमकदार और बेहतरीन तस्वीर तथा एआई-पावर्ड फीचर्स के साथ होम एंटरटेनमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। सैमसंग मिनी एलईडी को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने के लिए डिजाइन किये हैं। 42,990 रुपये की शुरुआती कीमत से उपलब्ध सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी 43 इंच से लेकर 100 इंच तक के स्क्रीन साइज़ में आते हैं, जो हर तरह के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इनका मेटलस्ट्रीम डिज़ाइन विमान की बनावट से प्रेरित है, जो एक आकर्षक, अल्ट्रा-स्लिम बेज़ल वाली सिंगल-मेटल बॉडी के साथ किनारे से किनारे तक का शानदार व्यूइंग अनुभव देता है। उन्नत तकनीक, एआई फीचर्स और प्रीमियम डिज़ाइन के इस संयोजन के साथ सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी नेक्स्ट-जेन एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाते हैं। सैमसंग इंडिया के वाइस-प्रेसिडेंट, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस, विप्लेश डांग ने कहा, सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर-1 टीवी ब्रांड है। हम अपने नए मिनी एलईडी टीवी के साथ प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं। यह लॉन्च उन्नत डिस्प्ले तकनीक को और सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। तकनीक और एआई के संयोजन से हम एक बेहतरीन व्यूइंग अनुभव देने के लिए पूरी तरह जुटे हैं। हम नवाचार की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि नेक्स्ट-जेन तकनीक के फायदे देश भर के अधिक से अधिक घरों तक पहुंचें।

# टाटा एआईजी ने छत्तीसगढ़ में एमएसएमई जोखिम सुरक्षा को किया मजबूत, 8500 से अधिक पॉलिसियों के साथ दर्ज की शानदार वृद्धि

### टाटा एआईजी ने भारत में एमएसएमई क्षेत्र में 1400 करोड़ के प्रीमियम का आंकड़ा पार किया; छत्तीसगढ़ प्रमुख उभरते बाजारों में शामिल

**रायपुर।** भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी, टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स कंपनी ने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कमर कस ली है। रायपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, छत्तीसगढ़ के एमएसएमई क्षेत्र के लिए जोखिम सुरक्षा को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।





छत्तीसगढ़ में एमएसएमई क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है; यहाँ एग्री-स्टोरेज इकाइयों, राइस मिलों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे विविध क्षेत्रों में करीब 13.5 लाख उद्यम मौजूद हैं। इसी आर्थिक प्रगति का परिणाम है कि राज्य में अब जीएसटी करदाताओं की संख्या 1.5 लाख के आंकड़े को छू रही है। टाटा एआईजी ने छत्तीसगढ़ में 8,500 से अधिक एसएमई पॉलिसियां जारी की हैं, जिसमें पिछले वर्ष 25% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 में भारत के एमएसएमई क्षेत्र में 1,400 करोड़ के प्रीमियम का ऐतिहासिक पड़ाव पार कर लिया है, जिसमें छत्तीसगढ़ एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभरा है। इस विकास को और गति देने के लिए, टाटा एआईजी ने वित्त वर्ष 26 में छत्तीसगढ़ में एक डेडिकेटेड जोन स्थापित कर अपनी उपस्थिति मजबूत की है, जिसे विशेष एसएमई अंडरराइटर्स और क्लेम प्रोफेशनल्स ने समर्थन दिया है। इस निवेश का उद्देश्य क्षेत्र के व्यवसायों के लिए त्वरित जोखिम मूल्यांकन, कस्टमाइज्ड कवरेज समाधान और कुशल क्लेम सेवाएं सुनिश्चित करना है। वित्त वर्ष 26 में, कंपनी ने भारत में 7.5 लाख से अधिक एमएसएमई पॉलिसियां जारी कीं और अपने कमर्शियल पोर्टफोलियो के तहत ग्रुप हेल्थ, ग्रुप एक्सीडेंट और कर्मचारी कम्पेन्सेशन पॉलिसियों के माध्यम से 20 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान की। छत्तीसगढ़ में बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, जलवायु परिवर्तन और इलाज के बढ़ते खर्चों की वजह से आग लगने और कर्मचारियों की सेहत से जुड़े जोखिम बढ़ गए हैं। इन खतरों को देखते हुए अब ज़्यादा से ज़्यादा लोग और कंपनियां इंश्योरेंस का सहारा ले रही हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के हेड - एमएसएमई प्रोडक्ट्स, श्री प्रणय शाह ने कहा: 'भारत की एमएसएमई विकास यात्रा में छत्तीसगढ़ की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारा ध्यान राज्य के उद्यमों के बदलते जोखिमों को समझने और उन्हें भरोसेमंद व सुलभ बीमा समाधान प्रदान करने पर है। वित्त वर्ष 26 में, हमने प्रमुख क्षेत्रों में भारी वृद्धि देखी है, जिसमें फायर इंश्योरेंस और कन्स्ट्रक्शन इंश्योरेंस में 30% से अधिक और ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस में 20% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।


स्थानीय स्तर पर अपनी उपस्थिति को मजबूत करके और विशेषज्ञ क्षमताओं में निवेश करके, हमारा लक्ष्य एमएसएमई को सशक्त बनाना, आजीविका की रक्षा करना और व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करना है।' छत्तीसगढ़ में बढ़ते एमएसएमई क्षेत्र के साथ कदम मिलाते हुए, टाटा एआईजी व्यवसायों को उनकी उभरती आवश्यकताओं के अनुसार सटीक बीमा सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी स्थानीय समझ, आधुनिक तकनीक और ग्राहक केंद्रित सेवाओं के दम पर, कंपनी इन उद्यमों को मजबूत बनाने और उनके विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद कर रही है।

# कलर्स की प्रमुख अभिनेत्रियां प्यार और आभार के साथ मनाती हैं मदर्स डे











कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से जुड़ी निया शर्मा ने कहा, 'मेरी ताक़त सीधे मेरी मां से मिली है। मैंने उन्हें जिंदगी को अद्भुत हिम्मत और धैर्य के साथ संभालते देखा है और वही आत्मविश्वास आज मेरे अंदर है। लोग मेरी ऊर्जा देखते हैं और समझते हैं कि मेरे पीछे हमेशा एक ऐसी महिला रही है जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुझे हमेशा लगता है कि जिंदगी को खास बनाने के लिए किसी बड़ी चीज की जरूरत नहीं होती, बस अपने माता-पिता को साथ ले जाइए और हर पल मजेदार हो जाता है। मुझे अब भी हंसी आती है उस ट्रिप को याद करके जब हम उन्हें 'हॉप-ऑन हॉप-ऑफ' बस में खो बैठे थे और घंटों बाद वह छत पर बैठी पूरे शहर के वीडियो बना रही थीं जबकि हम घबराकर सबको अलर्ट कर रहे थे। यही तो उनकी खासियत है हर अफरा-तफरी को यादगार बना देना। इस साल तो और भी खास रहा क्योंकि मुझे उनके साथ 'लाफ्टर शेफ्स' में शूट करने का मौका मिला और हमने साथ मिलकर शानदार खाना बनाया। उन्हें मेरे काम की दुनिया में मेरे साथ देखना मेरे लिए सबकुछ था। मैं जानती हूँ कि मैं कभी उनकी तरह नहीं कर पाऊँगी, लेकिन ईमानदारी से कोशिश करती रहूँगी। हैप्पी मदर्स डे सभी अद्भुत माताओं को।' कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से जुड़ी अंकिता लोखंडे ने कहा, 'जिंदगी में कुछ आशीर्वाद दोगुने मिलते हैं और मेरे लिए वह आशीर्वाद है दो माताओं का प्यार। एक जिन्होंने मुझे जन्म दिया और दूसरी - मेरी सास, जिन्होंने मुझे अपनी बेटी की तरह अपनाया। उन्होंने मुझे ताक़त, अपनापन और एक ऐसा घर दिया जो बिना शर्त प्यार से भरा हुआ है। हर दिन मैं दोनों के लिए बेहद आभारी महसूस करती हूँ उनकी दुआएँ मेरी सबसे बड़ी ताक़त हैं और उनकी खुशी ही मेरे लिए सबकुछ है। कितना अद्भुत है कि मुझे अपनी मां का आशीर्वाद और 'लाफ्टर शेफ्स' जैसा शो, जो मेरे दिल के बेहद करीब है, दोनों मिला। हैप्पी मदर्स डे मेरी दोनों मजबूत स्तंभों को और उन सभी माताओं को जो बच्चों को शानदार तरीके से बड़ा कर रही हैं।' 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल का किरदार निभा रहीं दीपिका सिंह ने कहा, 'मातृत्व मेरी जिंदगी की सबसे बदल देने वाली यात्रा है जो हर दिन नए रूप में सामने आती है। एक अभिनेत्री के तौर पर मैंने कई किरदार निभाए हैं, लेकिन अपने बेटे सोहम की मां होना मेरे लिए सबसे बड़ा और सबसे अहम किरदार है। यह सचमुच जिंदगी का रोल है। सोहम मुझे हमेशा याद दिलाता है कि धीमे चलो और उन छोटे-छोटे पलों को संजोओ जो सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। 'मंगल लक्ष्मी' में मां का किरदार निभाना मेरे लिए और भी व्यक्तिगत हो जाता है। कई बार बच्चों के साथ सीन करते हुए मुझे लगता है जैसे मैं सोहम के साथ हूँ। मैं उसे अक्सर कहती हूँ कि मैं उसे अपने ऑनस्क्रीन बच्चों में देखती हूँ और वह मुझे अपने आस-पास की मजबूत और प्यार करने वाली महिलाओं में देखता है उसकी दादी, नानी, मासी, चाची और टीचर। सेट पर ऐसे दिन भी आते हैं जब मैं उसे बहुत मिस करती हूँ, लेकिन उसकी हंसी, वीडियो कॉल्स और छोटी-छोटी बातें मुझे तुरंत ऊर्जा देती हैं। मैं चाहती हूँ कि वह मुझे एक वर्किंग मदर के रूप में जाने। जब बच्चे अपनी मां को काम करते देखते हैं तो उन्हें जल्दी समझ आता है कि महत्वाकांक्षा के लिए समर्पण चाहिए और एक महिला की पहचान कई पहलुओं वाली होती है। इस मदर्स डे पर मैं सिर्फ मां होने का नहीं, बल्कि हर उस महिला की ताक़त का जश्न मना रही हूँ जो प्यार करती है, संभालती है और सबकुछ खूबसूरती से संतुलित करती है।' कलर्स के शो 'महादेव एंड सन्स' में विद्या का किरदार निभा रहीं स्नेहा वाघ ने कहा, 'बचपन में मेरी मां ने घर को इतनी सहजता से संभाला कि मुझे बहुत देर से समझ आया कि इसमें कितनी मेहनत लगती है। जब मैं बाहर निकली, काम करना शुरू किया और घर से दूर रहने लगी, तब एहसास हुआ कि यह सब कितना कठिन होता है। हर बार जब मैं सुविधा से ज़्यादा दयालुता चुनती हूँ, मुझे पता है कि यह उनकी परवरिश है जो मेरे अंदर एक आदत की तरह बस गई है। 'महादेव एंड सन्स' में विद्या का किरदार निभाना मुझे उनकी झलक दिखाने का मौका देता है। विद्या वही महिला है जो पूरे परिवार को जोड़कर रखती है, बिना किसी को एहसास हुए। वह ही घर की गर्माहट है, वह ही वह ताक़त है जिसके पास सब लौटकर आते हैं। मैंने ऐसी महिला को देखा है, मैं उनके साथ बड़ी हुई हूँ। यही वजह है कि यह किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है। इस मदर्स डे पर मैं कोई बड़ी-बड़ी बातें नहीं कहना चाहती। बस इतना चाहती हूँ कि मेरी मां जानें कि मैं उन्हें शब्दों से कहीं ज़्यादा सराहती हूँ और जो भी हूँ, उन्हीं की वजह से हूँ। आई लव यू, मॉम।' कलर्स के शो 'तू जूलियट जट्ट दी' में गुलाब का किरदार निभा रहीं संगीता घोष ने कहा, 'अपनी बेटी देवी को पहली बार गोद में लेने से मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। उस पल को शब्दों में पूरी तरह बयां करना संभव नहीं है। तभी आपको हर उस मां की भावनाएँ समझ आती हैं जिसने अपने नन्हे बच्चे को प्यार किया है। इस एहसास ने मुझे मां का किरदार निभाने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया है। 'तू जूलियट जट्ट दी' में गुलाब एक ओवरप्रोटेक्टिव मां है, जिसका अपने बेटे नवाब के लिए प्यार बेहद गहरा और सर्वस्व है। लेकिन शो यह भी दिखाता है कि हर परिवार चुपचाप एक नाजुक रेखा से जूझता है - बच्चे को बचाने और उसे बढ़ने देने के बीच की रेखा। मां होने के नाते मैं उस प्यार को समझती हूँ, लेकिन साथ ही यह भी जानती हूँ कि बच्चे को सिर्फ प्यार ही नहीं, बल्कि आजादी भी देना जरूरी है। इस मदर्स डे पर मैं हर उस मां का जश्न मनाना चाहती हूँ जो अपने बच्चे को खुला छोड़ने का साहस रखती है, भले ही दिल कहे कि कसकर पकड़ लो। मेरे लिए यही सबसे बहादुर प्यार है।

## बॉलीवुड समाचार

# ओटीटी पर जल्द रिलीज होगी सैफ अली खान की 'कर्तव्य'



बॉलीवुड की अपकमिंग क्राइम थ्रिलर फिल्म 'कर्तव्य' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है। अभिनेता सैफ अली खान की इस फिल्म में एक ऐसे पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो अपने पेशेवर कर्तव्यों और परिवार के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है। 'कर्तव्य' में उनके साथ अभिनेत्री रसिका दुग्गल पहली बार स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी। अपनी दमदार और संजीदा अदाकारी के लिए पहचानी जाने वाली रसिका ने सैफ के साथ काम करने के अनुभव को बेहद खास और यादगार बताया है। रसिका दुग्गल ने बातचीत के दौरान कहा कि सैफ अली खान के साथ काम करना काफी सहज और मनोरंजक रहा। उन्होंने बताया कि सेट पर ऐसा सह-कलाकार मिलना हमेशा सुखद होता है, जिसका हास्यबोध शानदार हो। रसिका के अनुसार सैफ न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं, बल्कि बेहद अच्छे इंसान भी हैं, जो पूरे माहौल को हल्का और सकारात्मक बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि शूटिंग के दौरान सैफ के साथ बिताया गया समय काफी मजेदार रहा और उनकी मौजूदगी ने काम को आसान बना दिया। अभिनेत्री ने सैफ अली खान के लंबे और सफल फिल्मी सफर की भी जमकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जहां प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ती जा रही है, वहां तीन दशक से ज्यादा समय तक खुद को दर्शकों के बीच प्रासंगिक बनाए रखना आसान नहीं है। रसिका के मुताबिक सैफ ने समय के साथ अपने अभिनय और किरदारों में लगातार बदलाव किया है और हर बार नए अंदाज में दर्शकों के सामने आए हैं। यही वजह है कि उन्हें आज भी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में गिना जाता है। फिल्म 'कर्तव्य' का निर्देशन पुलकित ने किया है, जबकि इसे गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म एक ऐसे पुलिस अधिकारी की कहानी पर आधारित है, जो अपने कर्तव्य और परिवार की सुरक्षा के बीच लगातार संघर्ष करता है। फिल्म में बढ़ते अपराध, खतरों और मानवीय भावनाओं को एक संवेदनशील अंदाज में दिखाया जाएगा। निर्माताओं के अनुसार यह सिर्फ एक क्राइम थ्रिलर नहीं, बल्कि भावनात्मक संघर्ष और जिम्मेदारियों की कहानी भी है। फिल्म में सैफ अली खान और रसिका दुग्गल के अलावा संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## 'दादी की शादी' है दिल के बेहद करीब : सादिया खतीब




अपनी अपकमिंग पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'दादी की शादी' को लेकर अभिनेत्री सादिया खतीब चर्चा में हैं। हाल ही में सादिया ने बताया कि इस फिल्म की कहानी उनके दिल को इतनी गहराई से छू गई थी कि उन्होंने इसे साइन करने में बिल्कुल भी समय नहीं लगाया। सादिया के मुताबिक, लंबे समय तक गंभीर और इंटेंस किरदार निभाने के बाद वह कुछ अलग और भावनात्मक कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। सादिया खतीब ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार फिल्म की कहानी सुनी, तो उन्हें तुरंत एहसास हो गया कि यह एक खास प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि कहानी सुनने के बाद उन्हें हां करने में मुश्किल से एक मिनट लगा होगा। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने यह फिल्म अपनी पिछली रिलीज 'डिप्लोमैट' से भी पहले साइन कर ली थी। उनके अनुसार लगातार गंभीर भूमिकाएं निभाने के बाद एक कलाकार के तौर पर बदलाव जरूरी हो जाता है और 'दादी की शादी' उनके लिए वही बदलाव लेकर आई। अभिनेत्री ने कहा कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि परिवार और रिश्तों की भावनात्मक यात्रा है। इसमें माता-पिता, दादा-दादी और परिवार के अन्य सदस्यों के बीच के रिश्तों को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से भी ऐसी कहानी दुनिया के सामने लाना चाहती थीं, जिससे लोग खुद को जोड़ सकें। अपनी निजी जिंदगी का जिक्र करते हुए सादिया खतीब भावुक भी नजर आईं। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने अपनी दादी को खो दिया था और वह उनके बेहद करीब थीं। अभिनेत्री ने कहा कि उनके दादाजी का निधन भी काफी पहले हो गया था। जब उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी, तो उन्हें अपनी दादी के साथ बिताए खूबसूरत पल याद आ गए। उन्होंने कहा कि आज भी जब वह अपनी दादी के बारे में सोचती हैं, तो ऐसा लगता है जैसे वह कल की ही बात हो। सादिया के मुताबिक, फिल्म में उन्हें उसी पवित्र रिश्ते को पर्दे पर निभाने का मौका मिला, जिसने इस प्रोजेक्ट को उनके लिए और भी खास बना दिया। फिल्म के विषय और शीर्षक को लेकर अभिनेत्री का कहना है कि आज के दौर में ऐसी साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्में बहुत कम बनती हैं।

## अच्छे कलाकार बनने के लिए धैर्य मेहनत जरूरी : सई मांजरेकर



अभिनेत्री सई मांजरेकर का मानना है कि एक अच्छे कलाकार बनने के लिए धैर्य, मेहनत और सही प्रोजेक्ट का चुनाव बेहद जरूरी होता है। अभिनेत्री का कहना है कि वह ऐसे काम का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए रखे। सई मांजरेकर ने हाल ही में मीडिया से अपने करियर और काम करने के तरीके को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अब उन्हें यह समझ आ गया है कि एक अभिनेता के रूप में खुद को समय देना बहुत जरूरी है। अभिनेत्री के मुताबिक वह मौजूदा ट्रेंड के पीछे भागने में विश्वास नहीं रखतीं, बल्कि ऐसे प्रोजेक्ट चुनना पसंद करती हैं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ने और सीखने का अवसर दें। सई ने कहा कि जब कोई काम पूरी ईमानदारी और दिल से किया जाता है, तो उसका असर दर्शकों पर गहरा पड़ता है और लोग उसे लंबे समय तक याद रखते हैं।

उनके अनुसार अभिनय केवल कैमरे के सामने आकर संवाद बोलना नहीं है, बल्कि हर किरदार को महसूस करना और उसमें सच्चाई लाना भी उतना ही जरूरी है। यही वजह है कि वह जल्दबाजी में ज्यादा प्रोजेक्ट साइन करने के बजाय सोच-समझकर काम चुनती हैं।

# प्रियंका चोपड़ा और ऑरलैंडो ब्लूम की जोड़ी मचाएगी धमाल, थ्रिलर फिल्म 'रीसेट' के लिए मिलाया हाथ





ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के हाथ एक और बड़ा हॉलीवुड प्रोजेक्ट लगा है। वो जल्द ही थ्रिलर फिल्म 'रीसेट' में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रियंका के साथ मशहूर हॉलीवुड सुपरस्टार ऑरलैंडो ब्लूम लीड रोल में होंगे। प्रियंका और ऑरलैंडो की नई जोड़ी पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। हॉलीवुड में प्रियंका की बढ़ती लोकप्रियता के बीच इस नई फिल्म की घोषणा ने उनके प्रशंसकों को काफी उत्साहित कर दिया है।

**प्रियंका और ऑरलैंडो की जोड़ी पर फिदा हुए निर्देशक :** डेडलाइन के मुताबिक, प्रियंका-ऑरलैंडो एक नई सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'रीसेट' में साथ नजर आएंगे, जिसका निर्देशन मैट स्मुक्लर करेंगे। इसकी शूटिंग इसी साल अगस्त में शुरू होने वाली है। निर्देशक बोले, 'मैं ऐसी जोड़ी की तलाश में था, जहां आकर्षण और अविश्वास सहजता से एक साथ मौजूद रह सकें। फिल्म की कहानी की मांग ऐसी थी कि दर्शक किरदारों की तरफ खिंचे भी और उन पर शक भी करें और प्रियंका-ऑरलैंडो की जोड़ी इस पैमाने पर बिल्कुल खरी उतरती है।'

**जंगल में फंसी प्रियंका चोपड़ा और एक 'अजनबी' का साथ :** जॉर्डन रॉलिन्स ने इस फिल्म की कहानी लिखी है। ये एक ऐसी महिला (प्रियंका) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अचानक खुद को सभ्यता से कोसों दूर एक सुनसान जंगल में पाती है। उसे ये याद नहीं होता कि वो वहां कैसे पहुंची। अपनी जान बचाने के लिए उसके पास एक अनजान, लेकिन आकर्षक अजनबी (ऑरलैंडो) पर भरोसा करने के अलावा कोई रास्ता नहीं होता पर वह अजनबी शायद वह नहीं है, जो वो होने का दावा कर रहा है।

**एक्टिंग के साथ फिल्म निर्माण में भी साथ आए प्रियंका और ऑरलैंडो :** 'रीसेट' का निर्माण फ्रैट्रिसाइडल फिल्म्स के जॉन होएबर और एरिच होएबर, केमिकली अल्टर्ड के माइकल लाजारोविच और रोड्स एंटरटेनमेंट के मैथ्यू रोड्स मिलकर कर रहे हैं। खास बात ये है कि इस प्रोजेक्ट के लिए प्रियंका की प्रोडक्शकन कंपनी 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' और ऑरलैंडो की कंपनी 'अमेजिंग आउल' ने सह-निर्माण के लिए हाथ मिलाया है। कुल मिलाकर न सिर्फ प्रियंका फिल्म में एक्टिंग कर रही हैं, बल्कि वो बतौर निर्माता भी इसमें बड़ी भूमिका निभाएंगी।

**हॉलीवुड में बढ़ता प्रियंका का कद :** हॉलीवुड में प्रियंका का दबदबा लगातार बढ़ रहा है। उनकी हालिया फिल्म 'द ब्लफ' प्राइम वीडियो पर वैश्विक स्तर पर नंबर 1 रही, जबकि 'हेड्स ऑफ स्टेट' को 7.5 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। बतौर निर्माता भी उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है, जिसमें 'द व्हाइट टाइगर' और 'टू किल अ टाइगर' जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्रियंका जहां अपनी चर्चित सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन ला रही हैं, वहीं वो एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में भी दिखेंगी।

## आरंग में विशाल सुशासन शिविर सफल : 593 आवेदनों में कई का मौके पर निराकरण

# हर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का लक्ष्य : मंत्री गुरु खुशवंत साहेब

- जनता के द्वार पहुँचा प्रशासन: आरंग में सुशासन शिविर में हितग्राहियों को मिला त्वरित लाभ
- सुशासन शिविर में प्रमाण पत्र, सहायता राशि और योजनाओं का लाभ पाकर खिले हितग्राहियों के चेहरे





**आरंग / रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा शासकीय अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में 'विशाल सुशासन शिविर' का सफल आयोजन किया गया। वार्ड क्रमांक 1 से 17 तक के नागरिकों के लिए आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे जनता के द्वार तक पहुँचाना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के विजन को साझा किया। उन्होंने कहा: सुशासन तभी सार्थक होता है जब प्रशासन स्वयं जनता की समस्याओं को सुनने उनके द्वार तक पहुँचे। मुख्यमंत्री जी की स्पष्ट मंशा है कि विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और समस्याओं के त्वरित समाधान से हर चेहरे पर मुस्कान आए।

मंत्री जी ने प्रदेश में भयमुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त शासन की प्रतिबद्धता दोहराई। शिविर में प्राप्त कुछ शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

### हितग्राहियों को तत्काल लाभ एवं सम्मान

शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया:

**दस्तावेज वितरण:** जन्म, मृत्यु, विवाह, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों का मौके पर वितरण।

**आर्थिक सहायता:** सड़क दुर्घटना सहायता राशि के तहत 25,000 के चेक प्रदान किए गए।


**योजनाओं का लाभ:** उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास (भवन अनुज्ञा), श्रम कार्ड, किसान किताब, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड का वितरण।

**स्वास्थ्य एवं सहायता:** दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र एवं टीबी मरीजों को पोषण आहार किट प्रदान की गई।

**प्रतिभा सम्मान:** क्षेत्र के कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र–छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

शिविर में कुल 593 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 520 मांग संबंधी एवं 73 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को समय–सीमा के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण,भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अशोक बजाज ने शुभेंदु अधिकारी को प. बंगाल भाजपा विधायक दल का नेता चुनने पर बधाई दी



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए सतत संघर्ष करने वाले जनप्रिय नेता शुभेंदु अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि प. बंगाल में डबल इंजन की सरकार बनने से अब विकास की गति तेज होगी।

# मानव सेवा ही रेडक्रॉस की असली पहचान- स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज रायपुर के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने सेवा और मानवता के क्षेत्र में सक्रिय रेडक्रॉस काउंसलरों और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित लोक नृत्य, चित्रकला और नाट्य प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मंत्री महोदय ने पुरस्कृत किया। प्रदेश के कुल 64 रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर उत्कृष्ट समाजसेवियों, कलेक्टरों और स्वयंसेवकों का हुआ सम्मान






समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने समाजसेवियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अंगदान, रक्तदान, नेत्रदान और देहदान जैसे पुनीत कार्यों के जरिए समाज में नई चेतना जागृत की है। मंत्री श्री यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों की त्वरित सहायता करना और जरूरतमंदों तक सेवा पहुँचाना रेडक्रॉस परिवार की अद्भुत कार्यसंस्कृति को दर्शाता है। रामसिंह अग्रवाल सदस्यता एवं समाज सेवा के लिए, सूरज साहू रक्तदान के लिए, कमलेश निषाद सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए, पवन गांधी और आकांक्षा श्रीवास्तव नेत्रदान, नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के लिए सम्मानित किया गया। मंत्री श्री यादव ने सभी से करुणा और सहयोग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### कलेक्टरों और स्वयंसेवकों की सराहना

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न जिलों के कलेक्टरों (रेडक्रॉस अध्यक्ष) को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. गौरव कुमार सिंह, अभिजीत सिंह, एस. जयवर्धन, डॉ. संजय कन्नौजे, रोहित व्यास, दिव्या उमेश मिश्रा, अविनाश मिश्रा एवं कुणाल दुदावत के प्रतिनिधि शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, मानवता की विशिष्ट सेवा हेतु व्यक्तिगत रूप से भी कई स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन तोमन साहू, वाइस चेयरमैन रूपेश पाणिग्रही, कोषाध्यक्ष संजय पटेल सहित सर्वश्री बाबूलाल अग्रवाल, संदीप दीवान, युवराज देशमुख और बड़ी संख्या में रेडक्रॉस काउंसलर एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
के 25 वर्ष पूर्ण होने पर
आकर्षक ऑफर कम दर में
क्लासीफाईड विज्ञापन
प्रकाशित करें
पब्लिक नोटिस
आम सूचना
कोर्ट नोटिस
खरीदी बिक्री
आवश्यकता
अखबार पढ़ने के लिए स्कैन करे :-
VISIT US ON SCAN
संपर्क करें:-
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
9806044444
pratidincg@gmail.com
https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 93294-07988

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

माँ एड एजेंसी
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

# नि:शुल्क रोग निदान शिविर में सैकड़ों लाभान्वित, वरिष्ठजनों व पत्रकारों का हुआ सम्मान

**बलौदाबाजार, , प्रतिदिन राजधानी**

आयोजित 20वें नि:शुल्क रोग निदान शिविर चंदा देवी तिवारी हास्पिटल बलौदाबाजार में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेशशंकर मिश्रा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ नीति आयोग ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने तिवारी परिवार के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पंडित बंशराज जी ने जो समाज के लिए किया उसको याद करने और उनको श्रद्धांजलि देने का इससे अच्छा उदाहरण कुछ और नहीं हो सकता।

कार्यक्रम में आए सनम जांगड़े पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, प्रमोद कुमार शर्मा पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, विद्याभूषण शुक्ला अतिथिगणों ने डॉ. प्रमोद तिवारी एवं परिवार को इस नेक कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम के समापन में वरिष्ठ जनों श्याम शुक्ला जयनारायण केशरवानी भूपेंद्र सिंह ठाकुर जुगल भट्टर लक्ष्मी साहू डी पी जैन निशा झा एस एम पाद्धेय मोतीलाल वर्मा छबीश्याम दुबे प्यारेलाल सेन गुलशन मेहता पियूष मिश्रा भोला वर्मा श्रद्धानंद अग्रवाल नरेंद्र शुक्ला



को स्मृतिचिंह भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही रामाधार पटेल प्रभाकर मिश्रा नरेंद्र शर्मा प्रदीप माहेश्वरी दिलीप माहेश्वरी दलजीत सिंह चावला अशोक साहू प्रमोद मिश्रा नरेश गनसानी कृष्ण कुमार केशरवानी कुश अग्रवाल राघवेंद्र सिंह आभाष शर्मा सभी सम्मानित पत्रकारों को स्मृतिचिंह भेंट किया गया। मुख्य अतिथि गणेशशंकर मिश्रा को बंशराज तिवारी के पुत्र अशोक, डॉ. प्रमोद, विनोद, विपीन तिवारी ने स्मृतिचिन्ह भेंटकर अभिवादन किया। कार्यक्रम में संजू पटेल शिवनरेश मिश्रा रवि यादव राजेश केशरवानी राजनारायण केशरवानी विवेक शुक्ला प्रवीण शुक्ला इत्यादि बड़ी संख्या में नगरवासी और ग्रामीण उपस्थित रहे। डॉ. नितिन तिवारी ने शिविर में आए मरीजों का विवरण साझा करते हुए कहा कि कुल 375 मरीजों ने पंजीयन कराया जिसमें 55 सोनोग्राफी 25 एक्सरे 159 मरीजों का खून जांच 20 ईसीजी 5 एंडोस्कोपी की गई एवं सभी को दवा नि:शुल्क दी गई। 10 हार्निया 22 हाइड्रोसिल एवं 30 मरीज बवासिर फिसूला आपरेशन के लिए चयनित किए गए। शिविर में डॉ. प्रमोद तिवारी वरिष्ठ सर्जन डॉ. नितिन तिवारी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. गीतिकाशंकर स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ. सुकृति डॉ.आकांक्षा दंत रोग डॉ.रीतिक राजाराम क्रिटिकल केयर डॉ. राहुल देव शिशु रोग डॉ.आकाश अस्थि रोग डॉ. सत्य प्रकाश सिंह एमडी डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियो डॉ. संजय साहू नेत्र रोग डॉ. राहुल त्रिवेदी आयुर्वेद डॉ. अनामिका अभिषेक तिवारी संजय पांडेय अविनाश मिश्रा दीपक बांधे खिलावन फेकर इत्यादि सभी स्टाफ चंदा देवी तिवारी हास्पिटल ने अपनी सेवाएं दीं।

# रोजगार मेला में 13 युवाओं को मिला ऑफर लेटर, 12 युवाओं का प्राथमिक चयन

**बलौदाबाजार, , प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में बुधवार को निजी क्षेत्रों के 6 नियोजकों से प्राप्त 192 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गय। इस प्लेसमेंट कैम्प में 13 युवाओं का फ़ाइनल सलेक्शन कर ऑफर लेटर दिया गया एवं 12 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक एक्सट्रा एडनरी स्कूल (पंडित बंशराज तिवारी मल्टी पर्पस सोसायटी) बलौदाबाजार द्वारा टिचर के 10 पदों के लिए 6 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से



2 आवेदक का प्राथमिक चयन किया गया। स्काई आटो मोबाईल (नेक्सा) बलौदाबाजार द्वारा रिलेशनशिप (सेल्स) के 4 पद रिशेपसनिष्ठ के 1 पद के लिए 15 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन हुआ, अलर्ट सिक्योरिटी प्रा.लि. रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 50 पद, सहा सुपरवाईजर के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 9 पद, टेंडर के 2 पद, मार्केटिंग के 8 पद के लिए 9 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 6 आवेदकों को चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया गया।

सार्थक किएटिव ऑर्गनाइजेशन रायपुर द्वारा मैनेजर के 5 पद, ट्रेनर के 15 पद, रिशेपसनिष्ठ के 5 पद, मोबाईलजार के 5 पद, प्रिसिंपल के 3 पद, टिचर के 10 पदों के लिए 5 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 3 आवेदक का प्राथनिक चयन एवं 2 आवेदको का चयन कर ऑफर लेटर प्रदान की गई। स्वतंत्र माईक्रो फायनेस प्रा.लि. रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 30 पद, कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों के लिए 6 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया।

# सुशासन तिहार में उमड़ा भरोसे का जनसैलाब, शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का सीधा लाभ

**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित सुशासन तिहार लोगों के लिए राहत और भरोसे का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसी क्रम में आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, 22 ग्राम पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं, मांगें और आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में 800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, प्रमाण-पत्र, सहायता राशि एवं सामग्री वितरित की गई, जिससे ग्रामीणों में उत्साह के साथ शासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ। शिविर में जनपद पंचायत से संबंधित 273, पंचायत विभाग के 227 तथा राजस्व विभाग के 165 आवेदन प्राप्त हुए। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी। जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का एक प्रभावी मंच बनकर सामने आया है। इससे लोगों को अपनी भटकना नहीं पड़ रहा और मिल रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शिविर का अवलोकन करते हुए विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया।

# बिहान से बदली तकदीर- रविता, अंजना और ललिता बनीं लखपति दीदी, अब गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा

**रायगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर आत्मनिर्भर बनी रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड की रविता प्रधान, अंजना गुप्ता और ललिता शिकारी आज लखपति दीदी के रूप में नई पहचान बना चुकी हैं। कभी केवल घर-गृहस्थी तक सीमित रहने वाली ये महिलाएं आज सफल व्यवसाय संचालित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन गई हैं और गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में



आयोजित सुशासन तिहार के तहत रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के ग्राम औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में इन तीनों लखपति दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। शिविर में मौजूद महिलाओं ने भी उनकी संघर्ष और सफलता की कहानी को उत्साह से सुना। इन महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य महिलाओं को भी स्व सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

बिहान योजना से जुड़ने से पहले इन महिलाओं के पास घरेलू कार्यों के अलावा कोई नियमित आय का साधन नहीं था। लेकिन समूहों से जुड़कर प्रशिक्षण, ऋण और रोजगार के अवसर मिलने से उन्होंने अपने जीवन को नई दिशा दी। आज वे न केवल अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, बल्कि लाखों रुपए की आय अर्जित कर आर्थिक रूप से मजबूत बन चुकी हैं। पंचायत सुकुलभठली के आश्रित गांव दाऊभठली की रहने बिहान से जुड़कर पूजा महिला स्व सहायता समूह का गठन किया। उन्हें सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण मिला, जिसके बाद उन्होंने घर से सिलाई कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे वे अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देने लगीं।

# सड़क पर बह रहा गंदा पानी, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**प्रतापपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 12 बापू वार्ड स्थित मिशन स्कूल रोड चौक में गंदे पानी की निकासी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि एक घर से लगातार सड़क पर गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर बहते गंदे पानी के कारण पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और गंदगी का माहौल बना हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है, जो प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन करते हैं। गंदे पानी के कारण सड़क फिसलनभरी और अस्वच्छ हो गई है, जिससे दुर्घटना और बीमारी का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थिति की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि इसी चौक पर शासकीय प्रतीक्षालय का



निर्माण किया गया है, जहां यात्रियों के बैठने और विश्राम की व्यवस्था है। लेकिन प्रतीक्षालय के आसपास फैली गंदगी और बहते गंदे पानी के कारण वहां रुकना तक मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि जब आसपास इतनी गंदगी होगी, तो यात्री वहां कैसे बैठ पाएंगे।

स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिस मकान से पानी की निकासी की जा रही है, वह स्वयं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाया गया है। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभाग और नगर पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

नागरिकों के अनुसार, इस मामले की शिकायत पूर्व में भी नगर पंचायत प्रतापपुर में की जा चुकी है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। कार्रवाई नहीं होने से लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर गंदे पानी की निकासी तत्काल बंद कराई जाए, अवैध कब्जे की जांच की जाए और शासकीय प्रतीक्षालय के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस विषय में सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का ने कहा कि मौके पर जांच टीम भेजती हु सड़क पर नाली का पानी बहाना बिल्कुल गलत है, कार्रवाई की जाएगी।

# सुशासन तिहार शिविर में 138 आवेदन

**राजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम कोटडीह में गुरुवार को 'सुशासन तिहार 2026' के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्देश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिविर में भेण्डरी, तोनी, पकराड़ी, कोटडीह, कोदौरा, करमडीहा और सेमराकठरा ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याएं रखने और समाधान प्राप्त करने का अवसर मिला। शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को वन भूमि पट्टा, राशन कार्ड, कृषि बीज, कीटनाशक दवाइयां समेत अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने पांच महिलाओं की गोद भराई और पांच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया। साथ ही स्वागत करने वाली मंडली को नगद राशि देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने विभागीय स्टॉलों



का निरीक्षण भी किया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों की सीधी पहुंच सुनिश्चित हुई है, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। वहीं जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। शिविर में कुल 138 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 133 मांग और 5 शिकायतों से संबंधित आवेदन शामिल रहे। अधिकांश आवेदन राजस्व विभाग से जुड़े थे। ग्रामीणों ने सीमांकन, बंटवारा, नल-जल योजना, मिट्टी सड़क निर्माण, वृद्धा पेंशन, हैंडपंप स्थापना, चेक डेम निर्माण, विद्युत विस्तार, सूअर पालन योजना और नलकूप खनन जैसी मांगें रखीं। इसके अलावा ग्राम कोटडीह में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने ग्राम कोटडीह के लोहारपारा में एक सप्ताह के भीतर बोर खनन कराने की घोषणा की। शिविर में कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों को जिला और राज्य स्तर पर भेजने की बात कही गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सेक्टर में 821 नए हितग्राहियों के नाम जोड़े जाने की जानकारी भी दी गई।

विभागवार प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग के 57, वन विभाग के 4 तथा कृषि विभाग के 2 आवेदन शामिल रहे। वहीं सात पंचायतों के ग्रामीणों ने भेण्डरी क्षेत्र में पशु चिकित्सालय खोलने की मांग भी प्रशासन के सामने रखी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मराबी, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, जनपद सीईओ संजय दुबे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच और सचिव मौजूद रहे।-

# हाथों से उखड़ने लगी पीएम जन-मन योजना की सड़क, विधायक के निर्देश पर शुरू हुई तोड़फोड़

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**

सरगुजा जिले के मैनपाट विकासखंड में प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत निर्मित सड़क की गुणवत्ता को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में भारी लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। स्थिति यह है कि नई बनी डामरीकृत सड़क की परत हाथों से ही उखड़ने लगी। ग्रामीणों द्वारा सड़क की परत उखाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन और विभाग सक्रिय हो गया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए सरगुजा कलेक्टर अजीत बसंत ने पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित सब इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो



ने भी शिकायत मिलने के बाद तत्काल जांच कराने और घटिया सड़क को तोड़कर दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए। विभाग ने गुरुवार से खराब हिस्सों को उखाड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि कहीं भी घटिया निर्माण दिखाई देने पर तत्काल शिकायत करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

जानकारी के अनुसार मैनपाट ब्लॉक के कदनई से लोटाभवना तक करीब 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। बारिश के बीच डामरीकरण कर दिया गया, जबकि सड़क की सतह की समुचित सफाई और कॉम्पेक्शन भी नहीं किया गया था।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर डामर की परत बेहद पतली बिछाई गई है, जिसे आसानी से हाथों से हटाया जा सकता है। कई जगहों पर डामर उखड़ने के बाद नीचे मिट्टी और डब्ल्यूबीएम की परत दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने बिना इमल्शन डाले सीधे डामर बिछाने का भी आरोप लगाया है, जिससे पहली बारिश में सड़क खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा पेटी कांट्रेक्टरों को सौंप दिया गया, जिसके कारण मनमाने ढंग से काम कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मैनपाट क्षेत्र की 14 सड़कों में इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं।

# पंचमुखी हनुमान की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान, भक्त उमड़े



**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

राम गमन परिपथ रेणुका नदी के तट पर स्थित ग्राम पचिरा के शिव मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में पंचमुखी दक्षिणमुखी हनुमान की पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। आयोजन धार्मिक आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मुख्य आचार्य बालकिशुन गर्ग एवं उनकी पांच सदस्यीय टीम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। प्रतिदिन प्रात:कालीन पूजन-अर्चन के बाद सांयकाल धार्मिक प्रवचन से पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर ग्राम पचिरा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ बिश्रामपुर और सूरजपुर से भी बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे और भक्ति रसधारा में सराबोर होते रहे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में ईश्वर के प्रति आस्था और विश्वास का अदभुत समागम दिखा।

आयोजन के दौरान कई लोगों ने नशा एवं व्यसनों को त्यागने का संकल्प भी लिया। मंदिर निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तक स्थानीय ग्रामीणों के अलावा आसपास के गांवों और शहरों के श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सहयोग प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में सेवानिवृत्त शिक्षक सुदर्शन रजवाड़े, मनोज पांडेय, श्यामजीत रजवाड़े, बिहारी लाल कुलदीप, मनोज कुमार पाण्डेय, श्याम नारायण रजवाड़े, मुलेश्वर प्रसाद रजवाड़े, जीत वाहन रजवाड़े, गीता प्रसाद रजवाड़े, दिनेश रजवाड़े, सुमंत रजवाड़े, टाकेश रजवाड़े, शंकर राम, गुंजन राम, रामबली यादव, मातृ शक्तियों, युवा शक्ति सहित समस्त ग्राम पचिरा वासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# किसानों को MSP दिलाने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का सख्त रूख, NAFED-NCCF को लक्ष्य आधारित खरीद के दिए निर्देश

- **किसान MSP से नीचे उपज बेचने को मजबूर न हो : उपार्जन समीक्षा बैठक में श्री शिवराज सिंह चौहान का कड़ा संदेश**
- **उपार्जन में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, 72 घंटे में भुगतान और जिला-स्तरीय लक्ष्य तय करने के श्री शिवराज सिंह ने दिए निर्देश**
- **किसान हित सर्वोपरि: श्री शिवराज सिंह ने NAFED-NCCF से कहा- जहां दाम कम हों वहां तुरंत प्रभावी खरीद करें**
- **दलहन-तिलहन मिशन को गति देने के लिए श्री शिवराज का एक्शन मोड, राज्यों की बाधाएं दूर कराने का भरोसा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन, नई दिल्ली में NAFED और NCCF के साथ उपार्जन संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां बाजार भाव MSP से नीचे हैं, वहां किसानों से प्रभावी और समयबद्ध खरीद हर हाल में सुनिश्चित की जाए। कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दो टूक कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान को उसकी उपज का न्यायसंगत मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस लक्ष्य में किसी भी स्तर की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन में NAFED और NCCF की उपार्जन प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपार्जन को केवल औपचारिक स्वीकृति के रूप में नहीं, बल्कि किसानों को MSP का लाभ दिलाने वाले मिशन मोड दायित्व के रूप में लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बाजार में कीमतें MSP से नीचे चल रही हैं और फिर भी खरीद अपेक्षित स्तर पर नहीं हो रही है तो यह स्थिति किसानों के हित में नहीं मानी जा सकती। मंत्री श्री चौहान ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एजेंसियां अपने-अपने जिलों और केंद्रों के स्तर पर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण करें। उन्होंने कहा कि राज्यवार आवंटन के साथ-साथ जिला-स्तर पर उत्पादन, संभावित आवक और 25 प्रतिशत खरीद क्षमता का आकलन कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए ताकि उपार्जन का लक्ष्य वास्तविक जमीन पर हासिल हो सके।

शिवराज सिंह चौहान ने दलहन-तिलहन, विशेषकर चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि जहां किसानों को MSP से कम दाम मिल रहे हैं, वहां खरीद में तेजी लाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपार्जन केंद्रों की संख्या, खरीद क्षमता, जिला-स्तरीय



बाधाएं, राज्य सरकारों के निर्देश, गुणवत्ता संबंधी स्थानीय समस्याएं और भुगतान व्यवस्था इन सभी पहलुओं की रोजाना निगरानी की जाए और जहां भी बाधा हो, उसका समाधान तत्काल केंद्रीय स्तर पर रखा जाए।

मसूर उपार्जन की समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने राज्यों में वास्तविक बाजार भाव की ताजा जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां कीमतें MSP के आसपास या नीचे हैं, वहां खरीद तंत्र और अधिक चुस्त किया जाए।

श्री चौहान ने किसानों को समय पर भुगतान को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि भुगतान व्यवस्था को तेज, सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। समीक्षा में यह मुद्दा सामने आया कि किसानों को भुगतान में विलंब की शिकायतें हैं, जिस पर मंत्री ने 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में सख्त SOP तैयार करने और राज्यों से चर्चा कर इसे प्रभावी रूप से लागू करने को कहा।

बैठक में राज्य पोर्टलों और CNA पोर्टल के एकीकरण, भुगतान में देरी, बिहार में DBT व्यवस्था की कमी, गुजरात में भुगतान विलंब, महाराष्ट्र में डेटा लंबित रहने और आंध्र प्रदेश से अतिरिक्त मात्रा के लिए आंकड़े प्राप्त होने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य के निर्देश, प्रक्रियाएं या स्थानीय प्रशासनिक अड़चनें किसानों से खरीद में बाधा बन रही हैं तो केंद्र सरकार सक्रिय समन्वय के जरिए उनका समाधान सुनिश्चित करेगी।

श्री चौहान ने यह भी कहा कि दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने का राष्ट्रीय लक्ष्य तभी सफल होगा, जब किसानों को यह भरोसा होगा कि जरूरत पड़ने पर उनकी उपज MSP पर खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की मंशा स्पष्ट है- किसान को संकट में नहीं छोड़ना है, बल्कि उन्हें उचित मूल्य, त्वरित भुगतान और प्रभावी खरीद तंत्र के माध्यम से मजबूत समर्थन देना है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने NAFED और NCCF को निर्देशित किया कि वे उपार्जन को लेकर बेहतर काम करें, समस्याओं की सूची बनाकर समाधान सहित प्रस्तुत करें और शेष अवधि में खरीद प्रदर्शन में ठोस सुधार दिखाएं। उन्होंने कहा कि किसान हित में केंद्र सरकार पूरी गंभीरता से काम कर रही है और उपार्जन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा।

## पाकिस्तान ने चीनी तकनीक पर आधारित फतह-3 सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का किया अनावरण



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने चीनी तकनीक पर आधारित फतह-3 सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का अनावरण किया है। इस मिसाइल को भारत के साथ हुए संघर्ष के एक साल पूरे होने के मौके पर जनता के सामने प्रदर्शित किया गया। पाकिस्तान इस मिसाइल को भारत की ब्रह्मोस मिसाइल का जवाब के तौर पर पेश करना चाह रहा है। ये चीन की एचडी-1 मिसाइल का उन्नत संस्करण है,जो इस्लामाबाद-बीजिंग के बीच बढ़ते संबंधों को भी दर्शाती है।

यह आवाज की गति से 2.5 से लेकर 4 गुना तक तेज रफ्तार से उड़ान भर सकती है। यह ग्लाइड करते हुए जमीन और समुद्र की सतह से सटकर उड़ सकती है, जिससे इसके दुश्मन के रडार में पकड़े जाने की संभावना कम हो जाती है। रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि इस मिसाइल का वजन लगभग 1.2 से 1.5 टन है और ये अपने साथ लगभग 250 किलोग्राम वजनी वॉरहेड ले जा सकती है।

पाकिस्तान अब तक पारंपरिक लंबी दूरी के अभियानों के लिए मुख्य रूप से धीमी गति वाली सबसोनिक क्रूज मिसाइलों और बैलिस्टिक प्रणालियों पर निर्भर था। फतह-3 सुपरसोनिक मिसाइल है, जो गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि है। कम ऊंचाई पर उडने वाली ये मिसाइल रडार को चकमा देने में सक्षम है। इसमें कथित तौर पर ठोस ईंधन प्रणोदन प्रणाली का उपयोग इसे पुराने तरल ईंधन मिसाइल डिजाइनों की तुलना में भंडारण, संचालन और त्वरित प्रक्षेपण प्रक्रियाओं में बेहतर बनाता है।

ओएसआईएनटी रिसर्चर्स ने फतह-3 मिसाइल को चीनी एचडी-1 मिसाइल ही बताया है, जिसका पाकिस्तान ने स्थानीय स्तर पर उत्पादन किया है। वहीं, आईडीआरडब्ल्यू के मुताबिक, पाकिस्तान ने 'गुआंगडोंग होंगडा ब्लास्टिंग' नाम की एक चीनी कंपनी से एचडी-1 नाम की रैमजेट प्रोपल्शन मिसाइल खरीदी है। पाकिस्तान का दावा है कि क्रूज क्षमता होने की वजह से ये मिसाइल जमीन से काफी नीचे उड़ान भरेगी और काफी ज्यादा स्पीड की वजह से एयर डिफेंस सिस्टम्स के लिए इसे इंटरसेप्ट करना मुश्किल होगा।

पाकिस्तान ने स्वदेशी सैन्य प्रणालियों के एक प्रदर्शन के दौरान आर्मी रॉकेट फोर्स कमांड के जरिए इस मिसाइल को प्रदर्शित किया है। इस कार्यक्रम में लंबी दूरी तक मार करने वाली रॉकेट-लॉन्च खदानों, एंटी-यूएवी प्रणाली, लान्स आईआर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और अपग्रेड की गई बख्तार शिकन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों का भी प्रदर्शन किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक साथ क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों और बाहरी रक्षा हितधारकों को संबोधित करना था।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता का 10वां दौर नई दिल्ली में आयोजित हुआ









**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा नीति वार्ता का 10वां दौर 8 मई, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित हुआ। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव श्री अमिताभ प्रसाद ने किया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय नीति के प्रथम सहायक सचिव श्री बर्नार्ड फिलिप ने किया। इस चर्चा में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पुनः पुष्टि की गई।

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हाल के वर्षों में हुई प्रगति का स्वागत किया। वर्ष 2025 में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों के वार्षिक संवाद की स्थापना ने परामर्श प्रक्रिया को और मजबूत किया तथा दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाया है।

दोनों पक्षों ने हाल ही में प्रमुख कार्यान्वयन व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिए जाने और पहली बार हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की निरंतर गति को स्वीकार किया। उन्होंने इस वर्ष के अंत में पहली भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त स्टाफ वार्ता आयोजित करने पर सहमति जताई।

सह-अध्यक्षों ने वर्ष 2024 के भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक लीडर्स शिखर सम्मेलन के परिणामों की समीक्षा की, जिनका उद्देश्य रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा को नवीनीकृत और सुदृढ़ करना तथा संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप विकसित करना है।

दोनों पक्षों ने संयुक्त सैन्य अभ्यासों की बढ़ती आवृत्ति और जटिलता का स्वागत किया। उन्होंने समुद्री सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग जारी रखने की आशा जताई।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने सभी क्षेत्रों में परस्पर संचालन क्षमता को और मजबूत करने के लिए अगले कदमों पर सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्रियों की महत्वाकांक्षाओं की पुनः पुष्टि करते हुए दोनों देशों ने क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति व्यक्त जताई।

दोनों देशों ने विभिन्न प्रशिक्षण आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर चर्चा की, जिनमें जनरल बिपिन रावत स्मृति युवा अधिकारी आदान-प्रदान कार्यक्रम तथा भारतीय सैन्य अकादमी तथा रॉयल मिलिट्री कॉलेज, डंट्रून के बीच दौरे शामिल हैं। ऐसे प्रशिक्षण आदान-प्रदान आपसी विश्वास, लोगों के बीच संबंध और एक-दूसरे के क्षेत्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण की समझ को मजबूत करते हैं।

दोनों पक्षों ने रक्षा उद्योगिक सहयोग और सहभागिता के रणनीतिक महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने रक्षा उद्योग एकीकरण को सुगम बनाने के प्रयासों का स्वागत किया, जिनमें 2025 में सिडनी में आयोजित होने वाली पहली भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग गोलमेज बैठक, 2025 में भारत में ऑस्ट्रेलिया का पहला रक्षा व्यापार मिशन तथा 2026 में नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान रक्षा उद्योग रणनीतिक गोलमेज बैठक शामिल हैं।

## मेक्सिको के मेला मैदान में लगी भीषण आग, 5 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के तबस्को राज्य में स्थित विलाहेरमोसा शहर में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां मैदान में लगे एक मेले में भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर 5 लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब हजारों लोगों की भीषण मेले के एक संगीत कार्यक्रम में मौजूद थी। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें भगदड़ दिख रही है।

सूत्रों ने बताया कि संगीत कार्यक्रम बुधवार रात को शुरू हुआ था, जिसमें करीब 1.35 लाख लोग शामिल हुए थे। तबस्को के गवर्नर जेवियर मे ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि आग को बुझा लिया गया है प्रभावित लोगों के लिए आर्थिक सहायता की योजना बनाई जा रही है। मेला मैदान में लगभग 200 स्टॉल जलकर खाक हो गए हैं। आपातकालीन अभियान के तहत आगंतुकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि यह शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। कानून प्रवर्तन एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के साथ व्यापारियों और व्यवसायों के लिए भी एक आर्थिक पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम की घोषणा की है। बता दें कि पिछले साल नवंबर में उत्तर-पश्चिमी शहर हर्मोसिलो के वाल्डो डिस्काउंट स्टोर में भीषण आग लगी थी, जिसमें 23 मौत हुई थी।

## इंडोनेशिया का माउंट डुकोनो ज्वालामुखी फटा

### 3 पर्वतारोहियों की मौत, 32,000 फीट ऊपर पहुंची राख





**जकार्ता।** इंडोनेशिया में हमाहेरा द्वीप पर स्थित माउंट डुकानो ज्वालामुखी शुक्रवार को विस्फोट हो गया। घटना के बाद कम से कम 3 पर्वतारोहियों की मौत हो गई, जबकि 10 अभी फंसे हैं। घटना सुबह 7:41 बजे हुआ है। ज्वालामुखी फटने के बाद उसकी राख क्रेटर से 10 किलोमीटर (करीब 32808 फीट) ऊपर तक फैल गई है। इलाके में फंसे पर्वतारोहियों को बचाने के लिए एक आपातकालीन अभियान शुरू किया गया है। इसमें 9 पर्वतारोही सिंगापुर के नागरिक हैं।

उत्तरी हलमाहेरा प्रांत के पुलिस प्रमुख ने बताया कि घटना में 3 लोग मारे गए हैं, जिनमें 2 सिंगापुर के नागरिक और एक पूर्वी इंडोनेशिया के टेरनाटे द्वीप का एक निवासी है। उन्होंने बताया कि सभी पर्वतारोही थे। वैज्ञानिकों ने ज्वालामुखी गतिविधि में वृद्धि देखे जाने के बाद 17 अप्रैल से इस क्षेत्र को आगंतुकों के लिए बंद कर दिया था। निवासियों और पर्यटकों से ज्वालामुखी के गड्ढे के 4 किलोमीटर के दायरे से दूर रहने को कहा गया है।

माउंट डुकोनो हाल्माहेरा द्वीप पर स्थित 3 ज्वालामुखियों में से एक है। यह 1933 से लगातार फट रहा है, जिसमें अक्सर सल्फर डाइऑक्साइड के गुबार निकलते हैं। यह इंडोनेशिया के मुख्य यात्रा मार्गों से दूर है। यह 6 अप्रैल को भी फटा था। तब पर्वतारोही समूह पास में ट्रेकिंग कर रहा था। हालांकि, सभी सुरक्षित थे। ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा-शमन केंद्र ने दिसंबर में ही इसके 4 किलोमीटर के दायरे में न आने का अलर्ट जारी किया था।

माउंट डुकोनो वर्तमान में इंडोनेशिया की 4 स्तरीय अलर्ट प्रणाली के तीसरे सबसे उच्च अलर्ट स्तर पर है। अभी उड़ानों में व्यवधान की कोई रिपोर्ट नहीं है और न कोई चेतावनी जारी होती है।

## भारत के नए राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने सौंपी साख पत्र की प्रति, दूतावास में आयोजित समारोह में की शिरकत

**बीजिंग।** भारत के नए राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने चीन के सहायक विदेश मंत्री होंग लेई को अपने साख पत्र (क्रेडेंशियल्स) की एक प्रति सौंपी। दुरईस्वामी ने गुरुवार को भारतीय दूतावास में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया, जो ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था।

### भारतीय दूतावास ने क्या जानकारी दी?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में लिखा गया। राजदूत दुरईस्वामी ने बीजिंग में चीन के सहायक विदेश मंत्री और प्रोटोकॉल विभाग के महानिदेशक होंग लेई को अपने साख पत्रों की एक प्रति सौंपी। दूतावास की पोस्ट में कहा गया कि सभी ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प को याद करते हुए उन्हें सलाम किया। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के निर्दोष पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने का संकल्प दोहराया गया।





### मंदारिन भाषा जानते हैं दुरईस्वामी

दुरईस्वामी मंदारिन भाषा जानते हैं और अपने करियर के शुरुआत में उन्होंने हांगकांग और बीजिंग स्थित भारतीय मिशनों में भी काम किया। उनकी यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य झड़प के बाद ये संबंध काफी प्रभावित हुए थे। फिलहाल दोनों देश कई क्षेत्रों में संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसमें वीजा सेवा और सीधी उड़ानों की बहाली भी शामिल है।

## 'अमेरिका की क्यूबा पर हमले की कोई योजना नहीं', ट्रंप के साथ बंद कमरे में मुलाकात के बाद बोले लूला

**बीजिंग।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने बताया कि उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप का क्यूबा पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। यह बात दोनों नेताओं की व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के बाद सामने आई।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने क्या कहा?

लूला ने वाशिंगटन में ब्राजील के दूतावास में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की लगभग ढाई घंटे तक बंद कमरे में बात हुई। इस बातचीत में क्यूबा और क्षेत्रीय सुरक्षा प्रमुख मुद्दे थे। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने कहा कि उनका क्यूबा पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। लूला ने बताया कि उन्हें जो अनुवाद मिला, उसके अनुसार ट्रंप ने साफ कहा कि वह



क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई नहीं चाहते।

### बातचीत करना चाहता क्यूबा: लूला डा सिल्वा

लूला ने इस मुलाकात को अच्छा संकेत बताया। उन्होंने कहा कि क्यूबा बातचीत करना चाहता है और समस्या का हल चाहता है। क्यूबा कई वर्षों से आर्थिक प्रतिबंधों के कारण परेशान है। लूला ने कहा कि ये प्रतिबंध क्यूबा के विकास को रोकते हैं और उसे पूरी तरह स्वतंत्र देश बनने से रोकते हैं।

### अमेरिका ने क्यूबा पर कड़े किए प्रतिबंध

हालांकि, अमेरिका की नीति अभी भी सख्त है। अमेरिका ने हाल ही में क्यूबा पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्यूबा की कुछ कंपनियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें जीएआईएसए नाम की सैन्य कंपनी भी शामिल है।

एक खनन कंपनी मोआ निकेल पर भी असर पड़ा है। यह कंपनी क्यूबा और कनाडा की कंपनी शेरिट की साझेदारी में चलती है। इन प्रतिबंधों के बाद शेरिट कंपनी ने क्यूबा में अपना काम रोक दिया है। अमेरिका का कहना है कि ये कदम क्यूबा सरकार पर दबाव डालने के लिए हैं।

प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, शनिवार 09 मई 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सड़क अधोसंरचना को मजबूती

## कांसाबेल-बगीचा मार्ग उन्नयन कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जशपुर जिले में सड़क अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कांसाबेल से बगीचा मार्ग के मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

लगभग 29 करोड़ 08 लाख 06 हजार रुपए की लागत से 39 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण मार्ग का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत सड़क मजबूतीकरण के साथ आवश्यक पुल–पुलियों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा।

कांसाबेल–बगीचा मार्ग क्षेत्र का अत्यंत व्यस्त संपर्क मार्ग है, जहां



प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी और व्यापारी आवागमन करते हैं। समय के साथ सड़क की स्थिति प्रभावित होने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी और परिवहन व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनेगी।

इस परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

# अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिला में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, इटानगर**

अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिला में शुक्रवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार, अरुणाचल में 04



बजकर 05 मिनट 52 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई।

भूकंप का केंद्र पापुम पारे जिला में जमीन के अंदर 05 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 27.390 उत्तरी अक्षांश तथा 93.853 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

# ईडी ने गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापकों को गिरफ्तार किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के तीन संस्थापकों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने दीपक सिंह, पृथ्वीराज सिंह और विकास तनेजा को धनशोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। दीपक सिंह और पृथ्वीराज सिंह को दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उन्हें बेंगलुरु की अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट




रिमांड हासिल की गई है। विकास तनेजा को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया गया है।

ये गिरफ्तारी तब हुई जब केंद्रीय एजेंसी ने कथित धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित कई प्राथमिकियों का संज्ञान लेते हुए ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड' और अन्य संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। ईडी ने एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली–एनसीआर और कर्नाटक में 17 स्थानों पर छापेमारी भी की थी और कुछ दस्तावेज जब्त किए थे।

ईडी के मुताबिक ये प्लेटफॉर्म 'रमीकल्चर', रमीटाइम ऐप आदि जैसे कई ऑनलाइन 'रियल–मनी गेम्स' का संचालन और स्वामित्व रखता है। धोखाधड़ी का शिकार हुए कई लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारण कंपनी के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में ईडी ने गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ जांच के सिलसिले में 18.57 करोड़ रुपये की जमा राशि वाले आठ बैंक खातों से लेन–देन पर रोक लगा दी थी।

# असम में गिरफ्तार जिहादी के घर पर एनआईए का छापा

**एजेंसी, बरपेटा (असम)**

बरपेटा जिलांतर्गत बरपेटारोड शहर के समीप निसुका में शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय जांच एंजेंसी (एनआईए) ने छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार निसुका गांव निवासी सुल्तान महमूद नामक एक जिहादी के घर पर एनआईए ने छापेमारी की।

ज्ञात हो कि, बीते वर्ष 30 दिसंबर को एनआईए ने निसुका गांव निवासी जिहादी को गिरफ्तार किया था। एनआईए इस मामले में अपनी जांच जारी रखते हुए आज जिहादी के घर पर सबूतों को खंगालने के लिए छापेमारी की।

एनआईए की टीम ने सुल्तान महमूद के घर पर आज सुबह 5–8 बजे तक तलाशी अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि, सुल्तान महमूद वर्तमान में गुवाहाटी केंद्रीय कारागार में बंद है।

# बुलंदशहर में हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी बाइक, पति -पत्नी व तीन बच्चों समेत 5 की मौत

**एजेंसी, बुलंदशहर**

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को एनएच–34 पर हुए एक हादसे में ट्रक से टकरा कर बाइक सवार माता– पिता और तीन बच्चों व सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे का शिकार हुआ परिवार वैष्णो देवी धाम के दर्शन कर लौटा था और रिश्तेदार के घर रुकने के बाद आज अपने गांव लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर में खुर्जा की तरफ से उत्तम सिंह बाइक से पत्नी और तीन बच्चों के साथ बुलंदशहर नगर के धमेड़ा अड्डा की तरफ अपने घर आ रहे थे। देहात कोतवाली में एनएच–34 पर भंसौली कट के पास बाइक सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही पांचों की मौत हो गई। मृतकों में उत्तम, उनकी पत्नी उर्मिला, बेटा निशांत, बेटी दिशा और मासूम अनायरा शामिल हैं।



दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही एसएसपी बुलंदशहर, एसपी सिटी, सीओ और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू की । प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हादसे का शिकार हुए कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव धानेरा कीरत निवासी 38 वर्षीय उत्तम पुत्र महिपाल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला और तीन बच्चों के साथ वैष्णो देवी दर्शन कर वापस आये थे और खुर्जा में अपने एक रिश्तेदार के यहां रुके थे। शुक्रवार को सभी लोग बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोतवाली देहात क्षेत्र के भासौली मोड़ के पास यह हादसा हो गया।

मौके पर पहुंचे एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया घटना दुर्भाग्यपूर्ण घटित हुई है । इस हादसे में उत्तम सिंह व उनकी पत्नी उर्मिला व तीन बच्चों की मौत हुई है। यह परिवार धानेरा कीरत का रहने वाला था। घटनास्थल से एक हरियाणा नम्बर प्लेट ट्रक की मिली है और हम हादसे की जांच कर रहे हैं। वहीं हादसे का शिकार उर्मिला के भाई रमेश ने बताया कि पूरा परिवार वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहा था। खुर्जा में रिश्तेदारी में रुकने के बाद वे अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# देश में पेट्रोल की कीमतें लगभग 94.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद भारत में पेट्रोल की कीमतें लगभग 94.77 रुपये प्रति लीटर बनी हुई हैं, जबकि जर्मनी, फ्रांस और यूके जैसे देशों में ये कीमतें लगभग 200 रुपये प्रति लीटर हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की लगभग 20 फीसदी ऊर्जा हॉर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से होकर गुज़रती है, जिससे यह भारत के लिए बेहद अहम हो जाता है। भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 40 फीसदी,




एलपीजी का 90 फीसदी और प्राकृतिक गैस का 65 फीसदी हिस्सा मध्य–पूर्व से ही आयात करता है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के चलते कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 डॉलर से बढ़कर लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है, जबकि एलपीजी की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। उन्होंने कहा कि तेल विपणन कंपनियों को हो रहे नुकसान के बावजूद, भारत सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती करके एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देकर और गैस की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करके उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है।

सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत में पेट्रोल की कीमतें लगभग 94.77 रुपये प्रति लीटर बनी हुई हैं, जबकि जर्मनी, फ्रांस और यूके जैसे देशों में ये कीमतें लगभग 200 रुपये प्रति लीटर हैं। सरकार ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित की है, जिससे किसी भी वितरक को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ा है।

# सड़क दुर्घटना के घायलों के लिए वरदान बनी पीएम-राहत योजना

- सड़क दुर्घटना के घायलों के लिए वरदान बनी पीएम–राहत योजना
- अब 1.50 लाख रूपए तक मिलेगा कैशलेस उपचार
- रायगढ़ जिले के 77 अस्पतालों में सविधा शुरू

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार की पीएम–राहत (प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एण्ड एस्योर्ड ट्रीटमेंट) योजना एक बड़ा सहारा बनकर उभरी है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



अधिकारी के मार्गदर्शन में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### योजना की प्रमुख विशेषताएं और लाभ

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को वित्तीय और चिकित्सा संबंधी चिंता से मुक्त करने के लिए योजना में घायल व्यक्ति को अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होने पर अधिकतम 7 दिनों तक कैशलेस उपचार की पात्रता होगी। दुर्घटना के तुरंत बाद का शुरुआती समय (गोल्डन ऑवर) जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है, इसलिए बिना किसी देरी के त्वरित उपचार पर जोर दिया जा रहा है।

### रायगढ़ जिले में नेटवर्क और तैयारी

योजना को धरातल पर उतारने के लिए जिले के सरकारी और निजी चिकित्सालयों को इस नेटवर्क से जोड़ा गया है। जिले के 57 शासकीय और 20 निजी अस्पतालों (कुल 77) को इस योजना के लिए पंजीकृत किया गया है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को योजना के संचालन और उपचार संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

### स्वास्थ्य विभाग की अपील

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि इस योजना का मूल उद्देश्य मृत्यु दर को कम करना है। उन्होंने नागरिकों से विशेष अपील की है। सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को बिना समय गंवाए तत्काल निकटतम पंजीकृत अस्पताल पहुंचाएं, ताकि गोल्डन ऑवर के भीतर उसे योजना के तहत त्वरित और निःशुल्क उपचार मिल सके।

## मदर्स डे पर मानवता को समर्पित पहल

# अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मदर्स डे के पावन अवसर पर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित संस्थान अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि. और शिवनाथ ब्लड बैंक रायपुर द्वारा 10 मई 2026 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 03:00 बजे तक एक विशाल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एवं प्रख्यात समाजसेवी तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि माँ जीवन देने का प्रतीक होती है और रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। मदर्स डे के अवसर पर इससे बेहतर सेवा और कोई नहीं हो सकती कि हम किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने में योगदान दें।



श्री बरड़िया लंबे समय से विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवी संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं तथा समाजहित के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर उनके प्रयासों को समाज में विशेष सम्मान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उन्होंने शहरवासियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक वर्ग से इस पुनीत अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि 卐एक यूनिट रक्त किसी के जीवन की सबसे बड़ी उम्मीद बन सकता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को नियमित रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि. द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं की सहभागिता की उम्मीद जताई जा रही है।

# पेयजल संकट के निवारण के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए निर्देश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण के निर्देश दिए हैं। विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी निकायों को हैंडपंपों, बोरवेल एवं अन्य जलप्रदाय प्रणालियों की एक सप्ताह में चेकिंग कर आवश्यक मरम्मत करने को कहा है। साथ ही पाइपलाइन में लीकेज या टूट–फूट को तत्काल सुधारने तथा नालियों से होकर गुजरने वाले पाइपलाइनों व हाऊस–सर्विस कनेक्शन को स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने हाल ही में निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान गर्मियों में निरंतर एवं समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में संचालनालय ने सभी निकायों को पेयजल संकट के निवारण तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं।

# किरण देव ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर दी बधाई

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने श्री सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। श्री देव ने अपने बधाई संदेश में कहा कि श्री अधिकारी का नेतृत्व पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जन–आकांक्षाओं को स्वर देने में मील का पत्थर साबित होगा और श्री अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में बंगाल भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अखण्ड भारत के स्वप्नद्रष्टा अमर बलिदानी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपनों के 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को सिद्ध करने के



लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने श्री देव ने कामना की कि भाजपा शासनकाल बंगाल में भयमुक्त वातावरण का सृजन करके राज्य को नवनिर्माण की ओर अग्रसर करेगा। बंगाल की जनता जिस सुशासन और सर्वतोमुखी विकास की प्रतीक्षा कर रही है, उसे धरातल पर उतारने में श्री अधिकारी के नेतृत्व में गठित होने वाली प्रदेश सरकार की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रहेगी। बंगाल की अस्मिता, संस्कृति और एकात्म राष्ट्रवाद की रक्षा करते हुए एक ऐसे बंगाल का उदय होगा जो विकास के हर मानक पर देश का नेतृत्व करेगा। श्री देव ने कहा कि श्री अधिकारी का लंबा राजनैतिक अनुभव और बंगाल की माटी से उनका जुड़ाव राज्य में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार उनके सफल कार्यकाल और बंगाल के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771-2223399, मो.–6262904444